



# दैनिक सांध्य प्रकाश

वर्ष 52/ अंक 177/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 3 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in





**लगातार 5वें दिन बाजार में तेजी...**सेंसेक्स 217 अंक बढ़कर 60,150 पर, निफ्टी 30 अंक चढ़ा; अडाणी एंटरप्राइजेज 17 प्रतिशत गिरा।

### अदाणी मसले पर विपक्ष का जोरदार हंगामा

## लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित



**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदन में आज भी अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी दल लगातार इस मामले में जांच की मांग कर रहे हैं। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले आज सुबह 10 बजे विपक्षी दलों ने बैठक कर सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की। संसद की कार्यवाही जैसी ही शुरू हुई तो लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने जांच की मांग करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। इस कारण से राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2.30 बजे तक और लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

अडाणी एंटरप्राइजेज के खिलाफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया। वहीं कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने राज्यसभा में नियम 267 के तहत नोटिस दिया। इस मामले में समूचा विपक्ष एक हो गया है और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग पर अड़ गया है। कांग्रेस पार्टी 6 फरवरी को देशभर में एलआईसी और एसबीआई के कार्यालयों के सामने प्रदर्शन करेगी।

### निराधार दावे न करें: ओम बिरला

लोकसभा मे जब विपक्षी सांसदों ने हंगामा करना शुरू किया तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा वह निराधार दावे न करें और सदन को चलने दें। प्रश्नकाल संसदीय कार्यवाही का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आरबीआई ने सभी बैंकों से कहा है कि उनकी तरफ से अदाणीसमूह की विभिन्न कंपनियों को कितना कर्ज दिया गया है, इसका पूरा लेखा जोखा उसके समक्ष रखें।

### हर बार हमारे नोटिस रिजेक्ट कर दिए जाते हैं: खड़गे

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं उसे सदन में उठाना है इसलिए हमने एक नोटिस दिया था। हम इस नोटिस पर चर्चा चाहते थे लेकिन जब भी हम नोटिस देते हैं तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है।



### दूध के दाम बढ़ेंगे तो सबसे ज्यादा असर आम आदमी पर पड़ेगा

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि अगर अमूल दूध के दाम में इजाफा होगा तो सबसे ज्यादा असर आम आदमी पर पड़ेगा। हो सकता है मोदी जी और अमित शाह जी दूध नहीं पीते होंगे, लेकिन देश के बच्चों के लिए तो दूध पीना ज़रूरी है। दूध के दाम को बढ़ाते हुए सरकार ने अपनी नियत साफ कर दी है।





## देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा सर्वोपरि: शिवराज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर चलते हैं, परंतु हमारे देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा सर्वोपरि है। हम इस मामले में किसी से समझौता नहीं करते। इसमें हमारी सेना की भूमिका हमें गर्व का अनुभव कराती है। वे आज गणतंत्र दिवस पर सम्मानित एनसीसी कैडेट्स को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने सम्मान समारोह का आयोजन किया, इस अवसर पर कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व गुरू बनाने का संकल्प लिया और वे इसी दिशा में काम कर रहे हैं। पहली बार दुनिया में भारत को इतना सम्मान मिला है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को ही जाता है। हमने किसी भी देश के सामने सिर नहीं झुकाया है। चीनी सेना ने डोकलाम में घुसपैठ की, हमारी सेना ने उसे वापस धकेल दिया। हमारी सेना हमें लगातार सुरक्षा दे रही है। एनसीसी से भी हजारों कैडेट सेना में जाते हैं और हमारे देश की सुरक्षा करते हैं। सेना हमें बाहरी खतरों से ही नहीं, आंतरिक खतरों से भी बचाती आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन कैडेट्स को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार मिला है, उन्हें हमारी तरफ से कुछ सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे प्रदेश और देश की सेवा करें और समाज में अपना नाम रोशन करें। हमारे देश की पूंजी आप लोग ही हैं। इस मौके पर एनसीसी के अधिकारी भी मौजूद रहे।



### समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंबल संभाग के अंतर्गत भिंड जिले मे मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान कार्यक्रम में स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम की तैयारियों की आज समीक्षा की। यह कार्यक्रम 5 फरवरी को होना है।

## बीबीसी डॉक्यूमेंट्री विवाद, सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस, अब अप्रैल में सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को सेंसर करने से रोकने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से तीन हफ्तों में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को बीबीसी वृतचित्र %इंडिया- द मोदी क्वेश्चन% को ब्लॉक करने के अपने फैसले से संबंधित प्रासंगिक रिकॉर्ड पेश करने के लिए कहा है। इस मामले पर सुनवाई अब अप्रैल में होगी। इससे पहले वरिष्ठ पत्रकार एन राम, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और एडवोकेट प्रशांत भूषण की ओर से वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यह एक ऐसा मामला है, जहां सार्वजनिक डोमेन में आदेश दिए बिना आपातकालीन शक्तियां लागू की गईं। उन्होंने बताया कि डॉक्यूमेंट्री के लिंक शेयर करने वाले ट्वीट ब्लॉक कर दिए गए हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम सरकार से इससे जुड़े आदेश की फाइल मांग रहे हैं और इसकी जांच करेंगे।

## दुनिया के अमीरों की टॉप 20 सूची से बाहर हुए अदाणी, रिपोर्ट के बाद 70 प्रतिशत तक फिसले शेयर

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से अब तक दिग्गज उद्योगपति गौतम अदाणी की नेट वर्थ को बड़ा झटका लगा है। जहां कुछ समय पहले तक वे दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर काबिज थे अब वे टॉप 20 में भी नहीं है।

ब्लूमबर्ग की बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, गौतम अदाणी टॉप 20 अमीरों लिस्ट से बाहर होकर फिलहाल 22वें नंबर पर पहुंच गए हैं। गौतम अदाणी को एक ही दिन में करीब 10 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। वहीं दूसरी ओर फेसबुक के संस्थापक जुकरबर्ग की संपत्ति में 12.5 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है और वे दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### अदाणी की नेटवर्थ 58 अरब डॉलर घटी

सितंबर में अदाणी की नेटवर्थ 155.7 अरब डॉलर थी। सोमवार को नेटवर्थ 92.7 अरब डॉलर रही। दिसंबर तक दुनिया के शीर्ष अमीरों में केवल अदाणी ऐसे अमीर थे, जिनकी संपत्ति में उस साल उछाल आया था। अदाणी अब दुनिया के अमीरों में 22वें नंबर पर खिसक गए हैं।




### हिंडनबर्ग की हालिया रिपोर्ट में क्या है?

25 जनवरी को हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप के संबंध में 32 हजार शब्दों की एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के निष्कर्ष में 88 प्रश्नों को शामिल किया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह समूह दशकों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट की धोखाधड़ी में शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन साल में शेयरों की कीमतें बढ़ने से अदाणी समूह के संस्थापक गौतम अदाणी की संपत्ति एक अरब डॉलर बढ़कर 120 अरब डॉलर हो गई है। इस दौरान समूह की 7 कंपनियों के शेयर औसत 819 फीसदी बढ़े हैं।

अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में आज सुबह 35 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एक शेयर की कीमत 1000 रुपए के करीब पहुंच गई है। रिपोर्ट आने से पहले एक शेयर का भाव 3500 रुपए के करीब था। इस तरह कंपनी का शेयर 9 दिन में 70 प्रतिशत गिरा गया है। अमेरिका के स्टॉक एक्सचेंज डाउ जोंस ने भी अडाणी एंटरप्राइजेज को सस्टेनबिलिटी इंडेक्स से बाहर कर दिया है।

### फोर्ब्स की रियल टाइम लिस्ट में 22वें स्थान पर खिसके अडाणी

शेयरों में भारी गिरावट के बाद गौतम अडाणी की नेटवर्थ 55 बिलियन डॉलर हो गई है। पिछले साल ये 150 बिलियन डॉलर के करीब थी। इससे शुक्रवार को फोर्ब्स की अमीरों की रियल टाइम लिस्ट में अडाणी 22वें स्थान पर आ गए हैं। 27 फरवरी के पहले अडाणी दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे और एशिया में पहले नंबर पर थे।

## दिल्ली के रोहिणी इलाके में मुठभेड़, पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े दो बदमाशों को दबोचा



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। शुक्रवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रोहिणी इलाके में मुठभेड़ के बाद दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, दोनों अपराधी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े हैं। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।



भोपाल। प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का राजधानी में प्रदर्शन।

## प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र प्रस्तुत करे सरकार: जीतू पटवारी



**भोपाल।** पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि प्रदेश सरकार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण सरकार पर हो चुका है। बजट का 50 प्रतिशत हिस्सा केवल वेतन, भत्तों, ऋण के भुगतान और ब्याज अदायगी पर व्यय हो रहा है। सरकार 27 फरवरी से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र प्रस्तुत करे ताकि प्रदेशवासियों को वास्तविक स्थिति पता चले।

पटवारी ने भोपाल में मीडिया से चर्चा में कहा कि सरकार भले ही आर्थिक स्थिति ठीक होने का दावा करे, लेकिन वास्तविकता अलग है। आज हर वर्ग महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। आर्थिक गतिविधियां ठप हैं। ऋण लेकर सरकार काम चला रही है। इसका असर बजट पर भी नजर आने लगा है। सरकार अपनी आय का बड़ा हिस्सा ऋण और ब्याज के भुगतान में व्यय कर रही है। इससे अन्य योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि विभागों को नहीं मिल पा रही है। सरकार को बजट सत्र में श्वेत पत्र जारी कर आर्थिक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

पटवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती द्वारा सरकार की शराब नीति को लेकर उठाए जा रहे प्रश्नों का उत्तर नहीं दिए जाने पर भी आपत्ति उठाई। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि आबकारी नीति में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा उठाए मुद्दों का शामिल कर रही है या नहीं। कांग्रेस पहले ही उमा भारती द्वारा उठाए जा रहे विषयों का समर्थन कर चुकी है। मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ से प्रश्न पूछने को लेकर उन्होंने कहा कि वे जनता के प्रश्नों का उत्तर देने से बचने के लिए स्वयं प्रश्न कर रहे हैं। जबकि, मुख्यमंत्री का दायित्व है कि वे जनता की जो जिज्ञासाएं हैं, उनका समाधान करें।

प्रदेश कांग्रेस में कार्यकारी अध्यक्ष की व्यवस्था समाप्त करने के विषय पर उन्होंने कहा कि संगठन ने अभी ऐसी कोई सूचना नहीं दी है। पार्टी के चिंतन शिविर में पांच साल पद पर रहने की बात हुई थी, जब यह अवधि पूरी होगी तो मैं स्वयं पद छोड़ दूंगा।

## अमूल दूध 3 रुपए महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** अमूल ने दूध के दाम तीन रुपए लीटर बढ़ा दिए हैं।



गुजरात डेयरी को-ऑपरेटिव ने कहा है कि नई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। अब अमूल गोल्ड की कीमत 66 रुपए प्रति लीटर, अमूल फ्रेश की कीमत 54 रुपए प्रति लीटर, अमूल गाय के दूध की कीमत 56 रुपए प्रति लीटर और अमूल 2 रुपए भैंस के दूध की कीमत 70 रुपए प्रति लीटर हो गई है। अमूल ने अक्टूबर में भी दूध के दाम में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट के इंजन में आग लगी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट के एक इंजन में आग लगने के बाद उसे वापस अबू धाबी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट अबू धाबी से कालीकट आ रही थी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुताबिक, सभी 184 पैसेंजर्स सुरक्षित हैं। डीजीसीए ने जानकारी दी है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का बी 737-800 विमान जो फ्लाइट नंबर आईएक्स 348 के तौर पर ऑपरेट किया जा रहा था, उसके इंजन नंबर-1 में आग लग गई थी, इस वजह से उसे वापस भेजा गया। डीजीसीए ने बताया कि वीटी-एवायसी नंबर से रजिस्टर्ड विमान में जिस समय आग लगी, उस समय वह 1000 फीट की ऊंचाई पर था। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि फ्लाइट शुक्रवार सुबह केरल के कालीकट के लिए उड़ान भरी थी।

## मप्र में फिर तेज ठंड का दौर: भोपाल-जबलपुर में कोल्ड वेब चलेगी



### 21 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में फिर से तेज ठंड का दौर आ गया है। प्रदेश के ज्यादातर शहरों में पारे में 3 से 5 डिग्री तक की गिरावट आई है। कई जगहों पर फसल, पेड़-पौधों पर ओस जम गई। वहीं, हिल स्टेशन पचमढ़ी, नौगांव और खजुराहो में सबसे ज्यादा ठंड दर्ज की गई है। ऐसा ही मौसम अगले कुछ दिन रह सकता है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भोपाल, उमरिया, जबलपुर समेत सात जिलों में कोल्ड वेव चलने और उज्जैन-रतलाम सबसे ठंडे होने की संभावना जताई है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के बाद वहां से यहां बर्फीली हवा आ रही है। इस कारण ठंड का असर भी बढ़ा है और अगले 24 घंटे में उमरिया, जबलपुर, बालाघाट, सागर, भोपाल, राजगढ़ और रतलाम जिलों में शीतलहर चलेगी। उज्जैन और रतलाम में कोल्ड-डे रहने का अनुमान है। कोल्ड-डे की वजह से दिन-रात का तापमान आसपास ही रहता है।

प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी की लगातार दूसरी रात सबसे ठंडी रही। यहां रात का तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा बैतूल में 7.5, भोपाल में 8.4, दतिया में 6.6, धार में 9.3, ग्वालियर में 7.8, रायसेन में 6.2, राजगढ़ में 7.4, रतलाम में 9.6, उज्जैन में 7.0, छिंदवाड़ा में 5.7, दमोह में 7.6, जबलपुर में 7.3, खजुराहो में 8.4, मंडला में 7.2, नोगाव में 7.1, रीवा में 6.4, सागर में 9.4, सतना में 7.9, उमरिया में 4.6, मलानखंड में 5.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ 15 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में 65 डिग्री देशांतर के सहारे मध्य क्षोभमंडल की पछुवा पवनों के बीच एक ट्रफ के रूप में समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर धुरी बनाते हुए सक्रिय है। साथ ही, प्रेरित चक्रवातीय परिसंचरण दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के ऊपर समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई तक सक्रिय है। 2 फरवरी से अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभावी होने की संभावना बनी हुई है। हालांकि, इसका मध्यप्रदेश में असर नहीं रहेगा। यह दो फरवरी से एक्टिव हो गया।

# नवनिध स्कूल में छात्राओं के लिए विशेष प्रेरक सत्र का आयोजन




## समाज में सम्मान के साथ जीने के लिए शिक्षा ही एकमात्र विकल्प-सिद्ध भाऊ

**संत हिरदाराम नगर।** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के सभागृह में संत सिद्ध भाऊ के मार्गदर्शन में कक्षा सातवीं की छात्राओं हेतु एक विशेष प्रेरक सत्र आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं को संत सिद्ध भाऊ ने आशीर्वाद वचन दिए। सिद्ध भाऊ ने अपने प्रेरक वक्तव्य में छात्राओं से कहा कि शिक्षित व्यक्ति का समाज में विशेष सम्मान होता है अत: अभी से अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने हेतु कठिन परिश्रम करें। सुबह 4-5 बजे उठकर पढ़ने की आदत डालें क्योंकि इस समय मानव-मस्तिष्क स्पंज की तरह काम करता है कठिन विषय जल्दी समझ में आ जाते हैं और पढ़ी गई विषय-वस्तु दीर्घकाल तक याद रहती है। स्वानुशासन व समय प्रबंधन हेतु समय-सारणी बनाए और नियमित रूप से उसका पालन करें ताकि परीक्षा की तैयारी अच्छे से हो सके और आगामी परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षाफल प्राप्त हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिदिन ईश्वर की प्रार्थना एवं घर के बड़ों का अभिवादन करके ही विद्यालय आए।

# रातीबड़ में खेड़ापति हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और शतचंडी महायज्ञ का आयोजन

# प्रतिमाओं के नगर भ्रमण के लिए निकाली भव्य शोभायात्रा, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी के रातीबड़ क्षेत्र थाना के समीप स्थित 350 वर्ष से अधिक पुराने खेड़ापति हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कर भव्य स्वरूप दिया गया है इस मंदिर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर लक्ष्मी नारायण भगवान महादेव सपरिवार हनुमानजी लक्ष्मी माता की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इस अवसर पर क्षेत्र में इन मूर्तियों का नगर भ्रमण कार्यक्रम रखा गया इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

मंदिर के रंगीलाल शर्मा महाराज ने बताया कि रातीबड़ क्षेत्र में स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर 350 से वर्ष अधिक पुराना है इसका जीर्णोद्धार कर भव्य मंदिर का स्वरूप दिया गया है और इसमें पंच देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है इस अवसर पर बाल्मीकि रामायण के प्रवचन आचार्य



पंडित राजेश रावत जी द्वारा किए जा रहे हैं साथ ही इस अवसर पर शतचंडी महायज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है इस अवसर पर कमाली मंदिर प्रमुख पंडित बृजेश शर्मा सुभाष शर्मा लीला किशन राजोरिया सरपंच अजय राजोरिया रघुवीर शर्मा सहित अनेक गणमान्य में शामिल हुए इस अवसर पर आयोजित शतचंडी महायज्ञ में श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं चंडी यज्ञ में कमाली मंदिर प्रमुख पंडित बृजेश शर्मा मुख्य जजमान है बृजेश शर्मा ने कहा कि भोपाल के पूरे क्षेत्र में धर्म की गंगा बह रही है रातीबड़ क्षेत्र में भी इस मंदिर के पुनरुद्धार होने से श्रद्धालुओं को प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त होगा रात्रि में यहां पर विशेष कार्यक्रम किए जा रहे हैं जिसमें नानी बाई का मायरा का आयोजन शामिल है मां पूर्णिमा के अवसर पर की जा रही प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र की जनता में बड़ा उत्साह देखा जा रहा है आज निकाली गई शोभायात्रा में मोबाइल यात्रा में भजनों के आनंद के साथ श्रद्धालु नृत्य करते हुए चलते रहे और बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग इस शोभायात्रा में सम्मिलित हुए।

# संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ गोष्ठी आयोजित



संत हिरदाराम नगर। संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के सतत् शिक्षा विभाग द्वारा एक पूर्व छात्र संघ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का उद्देश्य परीक्षा में किस प्रकार उत्तर लिखें जिससे परीक्षार्थी अधिकतम अंक अर्जित कर सकें? था। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीला चैबे द्वारा संगोष्ठी का शुभारंभ स्वागत एवं परिचय उद्बोधन के साथ किया गया। महाविद्यालय के शिक्षा विभाग की पूर्व छात्रा शरणजीत कौर द्वारा बेहद कारगार उत्तर लेखन संबंधी टिप्स पॉवर पाइंट प्रेजेन्टेशन द्वारा दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं को रंगीन पैन से हाई लाईट करें। उत्तर बिन्दुवार सुन्दर अक्षरों में आवश्यक चित्रों की सहायता से लिखे जाने पर अधिकतम अंक अर्जित किए जा सकते है। कोई भी प्रश्न अनुत्तरित न छोड़े और हमेशा सही प्रश्न क्रमांक लिखे। इस प्रकार उन्होंने अपने अनुभव बीएड की छात्राओं के साथ बांटे कि उन्होंने स्वयं किन बातों का ध्यान रखकर मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए आवेदन 12 फरवरी तक

भोपाल । मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अन्तर्गत राजगढ़ जिले में 23 फरवरी, 2023 से प्रारंभ होगी। यात्रा में जगन्नाथ पुरी धाम के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन 12 फरवरी, 2023 तक आमंत्रित किए गए हैं। यात्रा के लिए इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि तक संबंधित तहसील कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में अपने आवेदन दो प्रतियों में जमा कर सकते है। यात्रा के लिए आवेदक को मध्यप्रदेश का मूलनिवासी एवं 60 वर्ष की आयु पूर्ण होना आवश्यक है। जो यात्री अपने साथ जीवनसाथी (पति/पत्नि) को लेकर जाना चाहता है उन्हे जीवनसाथी का भी पृथक से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भरना आवश्यक है। यात्रा में 65 वर्ष से अधिक उम्र का अकेला यात्री अपने साथ एक सहायक ले जा सकते है। सहायक के रूप में परिवार के निकटतम रिश्तेदार को ही पात्रता होगी जिसकी उम्र 20 वर्ष से अधिक एवं 40 वर्ष से कम होना चाहिये। सहायक का आवेदन भी साथ में पूर्णत: भरना आवश्यक है। इस यात्रा मे 85 वर्ष से अधिक आयु के पति-पत्नी यदि साथ यात्रा कर रहे हो तो उन्हें भी एक सहायक साथ ले जाने की पात्रता है। इसी प्रकार से दिव्यांग (60 प्रतिशत) व्यक्ति भी इस यात्रा हेतु पात्र है (बशर्ते की वह यात्रा करने के लिए सक्षम है), उस पर आयु का बंधन लागू नही होगा। दिव्यांग (60 प्रतिशत) व्यक्ति को भी एक सहायक साथ ले जाने की पात्रता है।

## महापौर ने स्वास्थ्य विभाग एवं यांत्रिक विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत सिटी प्रोफाइल एवं सिटी सस्टेनेबल पैरामीटर्स के निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। महापौर श्रीमती राय ने गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग व यांत्रिक विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक आहूत कर उक्त निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि भोपाल को स्वच्छता में नंबर 1 बनाना है इस हेतु सभी लोग पूरी तनमयता के साथ कार्य करें और नागरिकों को भी प्रेरित करें। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य आर.के.सिंह बघेल के अलावा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारीगण, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व यांत्रिक विभाग के यंत्रीगण सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। महापौर ने आई.एस.बी.टी. स्थित कक्ष में आहूत बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत सिटी प्रोफाइल एवं सिटी सस्टेनेबल पैरामीटर्स के निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के परिपालन में की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मान्यता के लिए आवेदन 7 फरवरी तक

**भोपाल।** नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत सत्र 2023-24 हेतु नवीन मान्यता/मान्यता नवीनीकरण, आवेदन हेतु अंतिम तिथि 31 जनवरी 2023 निर्धारित की गई थी। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा मान्यता आवेदन हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2023 कर दी गई है। जिले में संचालित कक्षा 8 तक के समस्त अशासकीय विद्यालय जिनकी मान्यता 31 मार्च 2023 को समाप्त हो रही है अथवा नवीन मान्यता आवेदन हेतु कार्यवाही के समय-सीमा की विस्तृत जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर प्रदर्शित राज्य शिक्षा केन्द्र के पत्र से प्राप्त की जा सकती है।

## गिरदावरी के आंकड़ों में दावे आपत्ति निराकरण के लिए अंतिम तिथि 4 फरवरी

**भोपाल।** पटवारियों द्वारा मौसम रबी 2022-23 गिरदावरी का कार्य पूर्ण करने के उपरांत सैटेलाईट इमेज, एआई आधारित संभावित फसल की जानकारी का तुलनात्मक अध्ययन किया गया, जिसमें पटवारियों द्वारा दर्ज गिरदावरी जानकारी एवं सैटेलाईट इमेज, एआई से प्राप्त संभावित सफल जानकारी में विसंगति अधिक संख्या में प्राप्त हो रही है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा विसंगतियों के निराकरण के लिए प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है। उन्होंने बताया है कि 31 जनवरी 2023 तक पटवारियों द्वारा अपलोड विसंगति निराकरण की जानकारी के आधार पर डाटा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम डाटा के विरूद्ध दावा/आपत्ति 03 फरवरी 2023 तक सारा एप/एमपी किसान एप के माध्यम से दर्ज की जा सकेगी। प्राप्त दावा/आपत्तियों का निराकरण 04 फरवरी 2023 तक संबंधित तहसीलदार/नायब तहसीलदार द्वारा सारा पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। तहसीलदार द्वारा दावा आपत्तियों के निराकरण उपरांत डाटा का अंतिम रूप दिया जाकर डाटा को लॉक कर दिया जायेगा।

## राशि में छूट के लिए निर्देश जारी

**भोपाल।** राज्य सरकार के परिवहन विभाग द्वारा मोटरयान कर तथा शास्ति की राशि के भुगतान में छूट प्रदान करने के लिए सरल समाधान योजना प्रारंभ की है। पंजीकृत समस्त प्रवर्गो एवं आयु सीमा के मोटरयानों के अधिसूचना के प्रकाशन की 30 सितम्बर 2022 को बकाया मोटरयान कर एवं शास्ति की राशि के भुगतान में 31 मार्च 2023 तक एकमुश्त जमा कराए जाने पर उनके बकाया मोटरयान कर की शास्ति पर पूर्णत: और उनके बकाया मोटरयान कर की राशि पर छूट प्रदान की गई है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सरल समाधान योजना के तहत 30 सितंबर 2022 को 5 वर्ष तक पुराने पंजीकृत वाहन के शोध्य मोटरयान कर की राशि पर 10 प्रतिशत एवं 30 सितंबर 2022 को 5 वर्ष से अधिक किंतु 10 वर्ष से अधिक पुराने पंजीकृत वाहन की कर राशि पर 20 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी।

## समारोह पूर्वक मनाई जाएगी रविदास जयंती

**भोपाल।** कलेक्टर अविनाश लवानिया ने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 5 फरवरी को संत रविदास जी की जयंती पर ग्राम पंचायतों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कार्यक्रम सभी जगह समारोह पूर्वक भजन कार्यक्रम आयोजित हो। रविदास जयंती पर जन प्रतिनिधियों और अनुयायी को सादर आमंत्रित किया जाए। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे इसके साथ ही शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

# प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने महापौर ने बिट्टन मार्केट हाट में किए कपड़े के थैले वितरित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

महापौर श्रीमती मालती राय ने नागरिकों से अपील की है कि वह खरीदारी हेतु बाजार जाते समय अपने साथ सदैव कपड़े के थैला लेकर जाए, पॉलीथीन के कैरी बेग्स का उपयोग न करें और भोपाल को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाएं साथ ही स्वच्छता में भी सक्रिय रूप से सहयोग कर अपने शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर भी बनाएं। महापौर श्रीमती राय ने उक्त अपील स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान बिट्टन मार्केट में खरीदारी करने आए नागरिकों को कपड़े के थैले भेंट करते हुए की।

महापौर राय गुरूवार देर शाम बिट्टन मार्केट पहुंची और सब्जी मार्केट में खरीदारी करने आए नागरिकों से सीधा संवाद किया और पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने को कहा। श्रीमती राय ने सब्जी मार्केट में दुकानों पर जाकर व्यवसायियों को भी समझाइश दी कि वह खरीदारी करने आए नागरिकों को कपड़े के थैले का उपयोग करने हेतु प्रेरित करें और पॉलीथीन में सामान न दें। इस दौरान जागरूक महिला मंच और निगमकर्मी पॉलीथीन/प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु प्रेरित करने वाले संदेशों युक्त तख्तियां हाथ में लेकर पूरे मार्केट क्षेत्र में भ्रमण करते रहे और नागरिकों को जागरूक भी किया। महापौर श्रीमती राय ने पॉलीथीन का उपयोग करने वाले व्यवसायियों के विरूद्ध पॉलीथीन जप्ती व स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर महापौर परिषद की सदस्या सुषमा बाबीसा, जोन अध्यक्षद्वय बाबूलाल यादव व श्रीमती आरती अनेजा, पार्षद अरविन्द वर्मा के अलावा बिट्टन मार्केट व्यवसायी संघ के अध्यक्ष हरिओम खटीक सहित अन्य पदाधिकारी व जागरूक महिला मंच की सुश्री अल्पना गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थी।

# दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग व स्वच्छता के संदेश अंकित करें : मालती राय

## महापौर ने सिटी प्रोफाइल निरीक्षण के तहत जोन 16 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

महापौर ने सिटी प्रोफाइल एवं सस्टेनेबल सिटी पैरामीटर्स के निरीक्षण के तहत जोन क्र. 16 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग व स्वच्छता संबंधी संदेश अंकित करने के साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए। , स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के अंतर्गत स्वच्छता संबंधी गतिविधियां बेहतर ढंग से संचालित करने, पार्कों एवं कम्पोस्ट पिट का और अधिक बेहतर ढंग से रख-रखाव करने व कम्पोस्ट पिट से बनने वाली जैविक खाद का विक्रय करने के निर्देश दिए।



महापौर मालती राय ने गुरूवार को जोन क्र. 16 के अंतर्गत वार्ड क्र. 65, 68, 72, 73 एवं 74 के अंतर्गत बेस्ट प्राईज चौराहा, भानपुर, सरयू सरोवर पार्क, रीगल टेऊन्नर कालोनी, टेऊन्नरी नाला एवं गोविन्दपुरा स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन आदि में स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के अंतर्गत सिटी प्रोफाइल एवं सिटी सस्टेनेबल पैरामीटर्स के तहत साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही पार्क, नाला-नाली, बाजार क्षेत्र एवं रहवासी कालोनी का निरीक्षण किया। महापौर श्रीमती राय ने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के दृष्टिगत बेस्ट प्राईज चौराहा, भानपुर ब्रिज व आसपास स्थित दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग एवं स्वच्छता संबंधी स्लोगन अंकित कराने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने सरयू सरोवर पार्क एवं यहां स्थित कम्पोस्ट पिट का निरीक्षण किया और पार्क के रख-रखाव व कम्पोस्ट पिट में खाद बनाने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत सरयू सरोवर पार्क खुलने के समय में परिवर्तन करने, कम्पोस्ट पिट में अधिक से अधिक खाद बनाने एवं उसका विक्रय करने के निर्देश दिए।

**जन जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न:** महापौर मालती राय के मुख्य आतिथ्य में विश्व वेट लैंड डे (नम भूमि दिवस) पर जन जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। गुरूवार को राजधानी के ऐतिहासिक बड़ी झील के किनारे बोट क्लब पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर नम भूमि व झील संरक्षण के लिए जन जागरूकता उत्पन्न करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और झील संरक्षण हेतु नागरिकों को प्रेरित करने पर बल दिया। महापौर श्रीमती राय ने इस अवसर पर एन.सी.सी. के छात्रों को सम्मानित किया तथा उपस्थितजन को नम भूमि व झील संरक्षण की शपथ भी दिलाई।



भगवान विश्वकर्मा के जन्मोत्सव जयंती के अवसर पर छोला मंदिर स्थित भगवान विश्वकर्मा के मंदिर में क्षेत्रीय विश्वकर्मा समाज भोपाल द्वारा भोपाल द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजन अर्चन की इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महेश विश्वकर्मा भाजपा नेता चेतन सिंह सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

# बावड़ियां कला में रसोई से प्रतिदिन 50 हजार बच्चों को मिल रहा भोजन

## नौनिहालों के चेहरे पर अक्षय पात्र बिखेर रहा मुस्कान, पिछले 15 दिन से 900 विद्यालयों में परोसा जा रहा मिड डे मिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कहते है कि धरती पर बच्चे भगवान का रूप होते है, जब इन्हीं बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आती है तो वास्तविकता में स्वयं परमपिता परमेश्वर प्रसन्न होकर अपना आर्शीवाद प्रदान करते है। ऐसा ही कुछ कार्य अक्षय पात्र फाउण्डेशन के मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की बावड़ियां स्थित केन्द्रियकृत रसोई से किया जा रहा है। जहाँ से प्रतिदिन 50 हजार से अधिक स्कूली विधार्थियों को सुपाच्य, स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। उक्त केन्द्रियकृत रसोई से प्रतिदिन 900 विधालयों में मिड डे मिल कार्यक्रम के तहत पौषाहार उपलब्ध करवाया जाता है। विगत लगभग 15दिन से फाउण्डेशन ने उक्त कार्य के जरिये अपने शानदार प्रबंधन का उदाहरण देते हुए मानवता की सेवा का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस कार्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी फाउण्डेशन की सराहना की है। देश भर में अक्षय पात्र की यह 66 वीं किंचन है। जिसके बाद 15 राज्यों के 20 हजार से अधिक राजकीय विधालयों में 22 लाख स्कूली विधार्थियों को भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है।

फाउण्डेशन की उक्त रसोई बेहद आधुनिक है। जिसमें मशीनों से रोटी, सब्जी, दाल व चावल तैयार किये जाते है। एक बार में एक क्विण्टल आटा गुंथने की मशीन से 20 हजार रोटियां बनाई जा सकती है। साथ ही 1200 लीटर दाल व स्टीम कूकर में 100 किलो चावल बन सकते है। बेहद आधुनिक किस्म की उक्त किंचन एक एकड़ में फैली हुई है, जिसके निर्माण में 12 करोड़ लागत आई है। फाउण्डेशन का लक्ष्य विधालयों के 50हजार विधार्थियों तक भोजन पहुँचाने का है। वर्तमान में करीब 150 कार्मिक साफ-सफाई की बेहद शानदार व्यवस्था के बीच प्रतिदिन भोजन बनाकर विधार्थियों को पहुँचा रहे है। प्रतिदिन मिड डे मिल गाईडलाईन के अनुसार नमकिन चावल, वेज पुलाव, मिक्स दाल, रोटी, आलु मटर सब्जी, सादा चावल, आलु छोले, देशी चना, जीरा राइस, राजमा, खीर, केक व मौसमी फल आदि भी बच्चों के भोजन में प्रतिदिन कार्यक्रम के अनुसार उपलब्ध हो रहे है। फाउण्डेशन इस कार्य में वर्ष 2000 से ही सक्रिय है।

बेहद सफल प्रबंधन का उदाहरण बन चुकी उक्त किंचन को लेकर फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भरतर्षभ दास का कहना है कि फाउण्डेशन अपने मानवता के कार्यो में समर्पित है। यह हर्ष की बात है कि प्रतिदिन मिल रहे भोजन से स्कूली बच्चे बेहद संतुष्ट है कि उन्हें पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध हो रहा है। जिससे विधार्थियों में बेहद उत्साह का माहौल है। स्कूल में बच्चों की उपस्थिति में सुधार हुआ है। साथ ही इसमें अध्यापकों व स्थानीय प्रशासन का भी काफी सहयोग मिल रहा है। जिससे बिना किसी अव्यवस्था के भोजन पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। फाउण्डेशन अपने कार्यो को लेकर बेहद प्रसन्नता व हर्ष का अनुभव कर रही है। उम्मीद है कि मानवता के इस कार्यो को निरन्तर आगे बढ़ाते रहेगें।

# केन्द्र और राज्य के सह अस्तित्व की भावना को और मजबूत करेगा नवीन भवन: शिवराज सिंह

## मुख्यमंत्री ने दिल्ली में नये मध्यप्रदेश भवन का उद्घाटन किया



- अगले 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर बनाया गया है भवन
- योग शास्त्र और वैदिक विज्ञान के अनुसार बनाये 108 कक्ष
- देश की राजधानी में प्रदेश की विरासत, कला, संस्कृति और आमजन के प्रतीक के रूप में उभरेगा भवन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट के माध्यम से 50 साल के बाद के भारत की बुनियाद रखी है, उसी तर्ज पर हमने दिल्ली में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण नवनिर्मित मध्यप्रदेश भवन को आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाया है। यह भवन केन्द्र और राज्य के सह अस्तित्व की भावना को और मजबूत करेगा। साथ ही देश की राजधानी दिल्ली में मध्यप्रदेश की विरासत, कला, संस्कृति और प्रदेश के आमजन के प्रतीक के रूप में उभरेगा।

मुख्यमंत्री चौहान आज नई दिल्ली में नवनिर्मित मध्यप्रदेश भवन का लोकार्पण कर रहे थे। केन्द्रीय नागरिक विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, खजुराहो सांसद वी.डी.शर्मा, मुरलीधर राव सहित मध्यप्रदेश मंत्रि-परिषद के सदस्य और अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री चौहान ने नवीन भवन का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन का निर्माण चाणक्यपुरी क्षेत्र में जीसस एंड मेरी मार्ग पर डेढ़ एकड़ में लगभग 150 करोड़ रूपये की लागत से किया गया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा ?कि नए भवन का प्रत्येक फ्लोर प्रदेश की अलग संस्कृति को दर्शाता है। भवन में बाहर से लेकर अंदर तक हर कदम पर राज्य की धार्मिक, सांस्कृतिक, कला और परंपरा प्रदर्शित है, जो मध्यप्रदेश के कण-कण से रू-ब-रू करायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भवन में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद 108 कक्ष निर्मित किये गये हैं। हमारे योग शास्त्र में 108 का अंक आध्यात्मिक परिपूर्णता का प्रतीक है और वैदिक विज्ञान के अनुसार 108 सृष्टि की संपूर्णता का द्योतक है। यह ब्रह्मांड और हमारे एकमेव होने का उदाहरण है। निश्चित ही यह भवन केन्द्र और राज्य के सह अस्तित्व को मजबूत करने का काम करेगा।

## गैस पीड़ितों में फेफड़ों का कैंसर बहुतायत में: संभावना ट्रस्ट




**भोपाल।** आज संभावना ट्रस्ट के द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें सम्भावना क्लिनिक के सदस्यों ने अपने सामुदायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण में गैस पीड़ितों को लेकर जानकारी दी । सम्भावना क्लिनिक के सदस्यों ने बताया कि यूनियन कार्बाइड की जहरीली गैस से प्रभावित आबादी में कैंसर की दर इसी शहर की अपीडित आबादी की तुलना में 25 गुना से भी अधिक थी। जिसमें गैस प्रभावितआबादी में कैंसर से पीड़ित अधिक महिलाओं, फेफड़ो के कैंसर की जानकारी दी। ट्रस्ट के डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर ने कहा, पिछले साल हमने यूनियन कार्बाइड के कारखाने से 2 किलोमीटर के दायरे में रहने वाली 1483 परिवारों के घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया था। इनमें गैस पीड़ितों की संख्या 6185 था साथ ही, हमने 5740 व्यक्तियों की जानकारी एकत्र की, जो कारखाने से 8 किमी से अधिक दूर रह रहे थे और 1984 की गैस हादसे से प्रभावित नहीं थे। केवल मान्यता प्राप्तक्लिनिक या अस्पताल से कैन्सर की निदान वाले लोगों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया था

सामुदायिक कार्यकती, तस्नीम जैदी ने कहा कि दो समूहों में कैंसर वाले लोगों में, महिलाएं 32त्न गैस के संपर्क में था और 15त्न गैर-संपर्कवाले व्यक्ति थे। हमने अप्रभावित आबादी में फेफड़ों के कैंसर वाले व्यक्ति की पहचान की, जबकि गैस के संपर्क में आने वाली आबादी में फेफड़ों के कैंसर वाले 8 व्यक्ति थे। सामुदायिक कार्यकर्ता फरहत जहाँ ने कहा, हमने समुदायों को चुनने मैं बहुत सावधान वरती ताकि सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों में गैस काण्ड से प्रभावित और अप्रभावित दोनों आबादी एक जैस हो। हमने तम्बाकू सेवन जैसे संबंधित मामलों पर भी जानकारी एकत्र की, और हमने पाया कि धूम्रपान करने वा और तम्बाकू चबाने वालों की संख्या अप्रभावित आबादी में डेढ़ गुना अधिक थी।



## मावई को सेवा निवृत्ति पर समारोह आयोजित कर दी विदाई

**भोपाल।** मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय महामंत्री अमर सिंह मावई की कृषि विभाग में सहायक संचालक के पद से सेवा निवृत्ति पर संघ पदाधिकारियों सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी है। विदाई समारोह विंध्याचल भवन में आयोजित किया गया गया। इसमें मुख्यमंत्री के सलाहकार केंद्रीय मंत्री का दर्जा प्राप्त शिव चौबे, कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त रमेश चन्द्र शर्मा, कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र खोंगल, राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष डी के यादव, खाद्य संघ के प्रांताध्यक्ष संतोष उईके, संघ के उपप्रांताध्यक्ष सुरेश वर्मा सहित विभिन्न संघों के पदाधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी व मावई के परिजन उपस्थित थे।



## सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** राजभवन के सांदीपनी सभागार में सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए आयोजित कार्यशाला में माननीय राज्यपाल महोदय के द्वारा विभिन्न विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों को संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी श्री आहूजा, श्री दीपक खांडेकर, श्री जामोद के साथ अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल के कुलसचिव श्री यशवंत पटेल , अधिष्ठाता डॉ राजीव वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी सौरभ खरे के साथ ही साथ स्वयंसेवक अनुज जाटव, अन्या नायक, अंबिका यादव, अंशिका खरे आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में डॉ.भूपेंद्र सुल्लेरे का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

## लोक निर्माण मंत्री ने नई दिल्ली में की केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात



**भोपाल ।** लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा केन्द्रीय पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन, श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर मध्यप्रदेश और बुन्देलखण्ड अंचल की विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। मंत्री भार्गव ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से वर्ष 2022-23 की वार्षिक कार्य-योजना में लंबित विकास परियोजनाओं पर शीघ्र स्वीकृति जारी करने का अनुरोध किया। मंत्री श्री भार्गव ने सागर जिले में स्थित नौरादेही अभयारण्य से गुजरने वाले राजमार्ग एस.एच.-21 के 21 कि.मी. क्षेत्र को ऐलीवेटेड कॉरिडोर के रूप में विकसित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अभयारण्य से गुजरने वाले राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही वन्य-प्राणियों के लिये उपयुक्त नहीं है। साथ ही सिंगल लेन मार्ग होने से मार्ग पर दुर्घटनाएँ भी अधिक हो रही हैं। मंत्री श्री भार्गव ने केन्द्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर सागर जिले प्रशासनिक और व्यवसायिक दृष्टिकोण से ढाना (सागर) स्थित 35 वर्ष पुरानी हवाई पट्टी को विकसित करने का अनुरोध किया। श्री भार्गव ने बताया कि बुन्देलखण्ड अंचल में सागर सर्वाधिक महत्वपूर्ण शहर है। संभागीय मुख्यालय होने के साथ केन्द्रीय विश्वविद्यालय, महत्वपूर्ण सैन्य क्षेत्र, वन्य अभयारण्य तथा औद्योगिक विकास की दृष्टि से सागर में वायु मार्ग से कनेक्टिविटी की मांग लम्बे समय से की जा रही है।

### राज्य सड़क सुरक्षा क्रियान्वयन समिति की बैठक में बोले राजौरा

## सड़क दुर्घटनाएं चिंतनीय विषय



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इसे रोकने के लिये और अधिक प्रयास किये जायें। डॉ. राजौरा मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा क्रियान्वयन समिति की बैठक में समीक्षा कर रहे थे।

एसीएस डॉ. राजौरा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ बहुत चिंतनीय विषय है। बहुत ही दुखद है कि इन दुर्घटनाओं में 18 से 45 आयु वर्ग के लोगों की सर्वाधिक मृत्यु हो रही है। यह वास्तव में न केवल परिवार के लिये, बल्कि प्रदेश के लिये भी अपूरणीय क्षति है। इस आयु वर्ग के लोग अर्निंग मेम्बर्स होते हैं। वास्तव में यह आयु वर्ग प्रोडक्टिव जनरेशन है।

एसीएस डॉ. राजौरा ने दुर्घटनाओं के चिन्हित किये गये ब्लेक स्पॉट्स को हटाने शॉर्ट टर्म और लांग टर्म की योजनाएँ बना कर क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने इनकी समुचित मॉनीटरिंग के लिये जिला, विभाग और एजेंसीवार जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिये। डॉ. राजौरा ने एन्फोर्समेंट एजेंसियों को तत्परता और अधिक सक्रियता से कार्य करने को कहा। उन्होंने विभिन्न मार्गों पर केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार समुचित चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

परिवहन आयुक्त श्री संजय कुमार झा और एडीजी पीटीआरआई श्री जी. जनार्दन ने प्रेजेंटेशन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये किये जा रहे उपायों तथा नवाचारों की जानकारी दी। सेक्रेटरी पीडब्ल्यूडी श्री आर.के. मेहरा, डायरेक्टर स्किल डेव्हलपमेंट श्री हरजिंदर सिंह, एडिशनल कमिश्नर नगरीय विकास श्रीमती रुचिका चौहान सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे

## 299 वाहनों से जुर्माने में जमा कराये 4.80 करोड़

**भोपाल।** वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जी.एस.टी. पोर्टल एवं अन्य डेटाबेस, डाटा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में डाटा साइंस एवं डाटा माइनिंग की आधुनिक तकनीक, टैक्स रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के विश्लेषण तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करते हुए कर चोरी के प्रकरणों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त श्री लोकेश कुमार जाटव के निर्देशन में विभाग की डेटा एनालिसिस टीम द्वारा किये गये डेटा के विश्लेषण के आधार पर कर चोरी में संलग्न व्यवसाइयों पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

माह जनवरी, 2023 में इवेजनप्रोन कमोडिटी आयरन एंड स्टील, आयरन/मेटल स्क्रेप, पान मसाला, इलेक्ट्रॉनिक, तिल्ली एवं सोयाबीन आदि से संबंधित कर अपवंचन में संलग्न 34 करदाताओं पर छापे की कार्यवाही में प्राथमिक रूप से लगभग 15 करोड़ 71 लाख रूपये का कर अपवंचन पाया गया। विभाग द्वारा मौके पर कर एवं शास्ति के रूप में 13 करोड़ 88 लाख रुपये जमा कराये गये।

तहसील/ब्लॉक स्तर पर भी छापे की कार्रवाई की गई है। इसमें छतरपुर में मेसर्स उन्नति मेटालिको प्रा. लिमि. (छतरपुर), मेसर्स मंसूरी (नौगांव), मेसर्स अझारी एसोसिएट (नौगांव), मेसर्स प्रिंस ट्रेडर्स (नौगांव), सागर में मेसर्स रेगनोर, मेसर्स क्लासिक इंटरप्राइजेस, मेसर्स अम्बे ट्रेडर्स, मुरैना में मेसर्स शीतल ऑर्गेनिक फूड्स प्रा. लि., सिवनी में मेसर्स शम्भा्वी इंटरप्राइजेस, नरसिंहपुर में मेसर्स अंशुल ट्रेडर्स, रायसेन- मेसर्स अरिहंत किराना स्टोर (बरेली), मेसर्स सौरभ किराना स्टोर (बरेली), सिंगरौली में मेसर्स जय माँ बाराही ट्रेडर्स, मेसर्स जय मातादी ट्रेडर्स, भिण्ड में मेसर्स आर.सी.एल. पोरस हाई-वे प्रा. लिमि.,दतिया में मेसर्स बी.पी. बिल्डकॉन प्रा. लि. और बालाघाट में मेसर्स सौरभ ट्रेडर्स पर कार्रवाई की गई।

# एनसीसी सिर्फ ट्रेनिंग नहीं, राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिकों के निर्माण का प्रकल्प है: राज्यपाल

### राजभवन में एनसीसी एट होम में गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को किया गया पुरस्कृत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने म.प्र. और छत्तीसगढ़ निदेशालय की एन.सी.सी. की टीम द्वारा राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन को गर्व की बात बताया है। उन्होंने दिल्ली से लौटे एन.सी.सी. कैडेट्स के कन्टिन्जेन्ट और परेड में सहभागी सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। राज्यपाल ने विभिन्न केटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एन.सी.सी. कैडेट सुखुशी महावर, सुआयुषी तिवारी और सुइशिका गुर्जर को मेडल, प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की। राज्यपाल ने कैडेट्स को प्रशिक्षण देकर मार्ग प्रशस्त करने वाले सैन्य अधिकारियों, जवानों और एन.सी.सी. के अंशकालीन अफसरों को भी बधाई दी। राज्यपाल राजभवन परिसर के सांदीपनि सभागार में एन.सी.सी. एट होम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, त्याग, अनुशासन में रहते हुए एकता की भावना का विकास करना ही एन.सी.सी. का मूल उद्देश्य है। एन.सी.सी. सिर्फ ट्रेनिंग नहीं है, यह मानवीय संवेदनाओं और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिकों के निर्माण का प्रकल्प है। एन.सी.सी. की साहसिक, विषम परिस्थितियों, चुनौतियों का डट कर सामना करने की गतिविधियाँ और देश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर, सद्भाव एवं भाई-चारे के कार्यक्रम राष्ट्र-सेवा के भाव को मज़बूत करते हैं। राज्यपाल पटेल ने कहा कि एन.सी.सी. द्वारा सामाजिक सरोकार, समाज-सेवा और जन-जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम किए जाते हैं। उन्होंने आहवान किया कि एन.सी.सी. कैडेट्स मतदाता जागरूकता प्रयासों में भी सहयोग के लिए आगे आएँ।

राज्यपाल ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत और कर्त्तव्यनिष्ठा का कोई पर्याय नहीं है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी इसी जोश से नए लक्ष्यों को प्राप्त कर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। युवा ही भारत की आजादी के 100वें वर्ष तक देश की विकास यात्रा को आगे बढ़ायेंगे।



**सशक्त, समृद्ध और समर्थ भारत के लिए जरूरी है कि देश का हर बच्चा एनसीसी कैडेट हो:** राज्यपाल पटेल ने कहा कि सशक्त, समृद्ध और समर्थ भारत निर्माण के लिए जरूरी है कि देश का हर बच्चा एनसीसी कैडेट हो। एन.सी.सी. में राष्ट्र और समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा और संकल्प के आपको जो संस्कार मिले हैं, उनके ब्रांड एम्बेसेडर के रूप में समाज में अपनी पहचान बनायें। स्वयं के उदाहरण से समुदाय को उनके बच्चों को विशेषकर बालिकाओं को एन.सी.सी. में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। राज्यपाल ने समस्त एन.सी.सी. कैडेट्स को सुनहरे एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ एन.सी.सी. निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल अजय कुमार महाजन ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में निदेशालय के अब तक की सर्वाधिक 166 कैडेट्स की सहभागिता रही। महाजन ने बताया कि 3 कैडेट्स उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किए गए। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सुखुशी महावर प्रथम, सुआयुषी तिवारी द्वितीय एवं इशिका गुर्जर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कर्त्तव्य पथ में निदेशालय के 15, राष्ट्रपति के गार्ड ऑफ़ ऑनर में 5 और 28 जनवरी को पीएम रैली टेबल ड्रिल में 2 कैडेट्स ने सहभागिता की, जो गौरव का विषय है।

**एन.सी.सी. कैडेट्स ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति:** कैडेट सुखुशी महावर ने समारोह के अनुभवों को साझा किया। एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा माँ अहिल्या की जीवन यात्रा, नदियों के संरक्षण और मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय के आंचलिक नृत्य पर आधारित मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गयीं। उक्त प्रस्तुतियाँ राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में भी कैडेट्स द्वारा दी गयी थीं। राज्यपाल पटेल एन.सी.सी. कैडेट्स के साथ समूह छायाचित्र में भी शामिल हुए।

## सम्पादकीय

# मुश्किल में देश की साख!

कोई व्यक्ति दुनिया के अमीरों की सूची में दो नंबर से अचानक खिसक कर सत्रहवें नंबर पर आ जाए, ऐसा पहली बार देखा जा रहा है। और यह हुआ है, एक रिपोर्ट के कारण। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के खंडन, चार सौ पेज के स्पष्टीकरण के बावजूद दुनिया भर के साथ ही भारत के बाजार में भी अदाणी के शेयरों में गिरावट का दौर रुक नहीं पा रहा है। संसद में हंगामा अलग हुआ। इस बीच कई अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से भी समूह को झटका लग रहा है और डाउ जोंस ने अपनी सूची से इस समूह को हटा दिया है और एनएसई ने निगरानी में रख लिया है। यह एक समूह का सामान्य डाउनफाल नहीं है, अपितु कहीं न कहीं भारत की अर्थव्यवस्था में चल रहे मनमाने और गलत फैसलों की ओर भी साफ संकेत कर रहा है।

अदाणी समूह के तीन शेयरों अदाणी एंटरप्राइजेस, अदाणी पोर्ट्स व स्पेशल इकोनॉमिक जोन और अंबुजा सीमेंट के एएसएम यानि अतिरिक्त निगरानी उपायों की सूची में शामिल होने के बाद अमेरिकी बाजार से भी समूह को बड़ा झटका लगा है। अब डाऊ जोंस ने अपने स्थिरता सूचकांक से शेयरों को हटाने का फैसला किया है। अमेरिकी बाजार की इंडेक्स घोषणा में कहा गया है कि 7 फरवरी 2023 से कंपनी के शेयर डाऊ जोंस स्थिरता सूचकांक से हटा दिए जाएंगे। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अडाणी ग्रुप का मार्केट कैप 8.38 लाख करोड़ गिरा है। वहीं, गुरुवार को फोर्ब्स रियल टाइम लिस्ट में अडाणी 17वें स्थान पर आ गए।

इंडेक्स की ओर से घोषणा करते हुए कहा गया है कि अदाणी समूह के स्टाक्स में गड़बड़ी की खबरों के बाद यह फैसला लिया गया है। कंपनी के शेयरों को 7 फरवरी 2023 यानी आगामी मंगलवार से इंडेक्स से बाहर कर दिया जाएगा। डाऊ जोंस की ओर से यह फैसला हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के शेयरों में आई बड़ी गिरावट के बाद लिया गया है। इस बीच अदाणी समूह ने अपने एफपीओ को वापस लेने का फैसला किया है। इस घटनाक्रम के कारण अदाणी एंटरप्राइजेस के शेयर जो 3442 रुपये प्रति शेयर के भाव पर करोबार कर रहे थे वे 1565 रुपये प्रति शेयर के भाव तक लुढ़क गए हैं। कंपनी के शेयरों में 55 प्रतिशत तक की गिरावट आ गई है। इस बीच अडाणी एंटरप्राइजेज के एक शेयर की कीमत 1000 रुपए के करीब पहुंच गई है। रिपोर्ट आने से पहले शेयर का भाव 3500 रुपए के करीब था। इस तरह कंपनी का शेयर 9 दिन में 70 प्रतिशत गिरा गया है। यह अपने आप में रिकार्ड ही तो है।

इधर एनएसई ने अडाणी ग्रुप के तीन शेयरों को शॉर्ट टर्म के लिए एडिशनल सर्विलांस मेजर्स लिस्ट में शामिल कर लिया है। यानि इन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इनमें अडानी पोर्ट, अडानी एंटरप्राइसेज, और अबुंजा सीमेंट शामिल है। एनएसई निगरानी का एक तरीका है, जिसके जरिए मार्केट के रेगुलेटर सेबी और मार्केट एक्सचेंज बीएसई, एनएसई इस पर नजर रखते हैं। इसका लक्ष्य निवेशकों के हितों की रक्षा करना होता है। किसी शेयर में उतार-चढ़ाव होने पर उसे एनएसई में डाला जाता है।

और इसी को देखते हुए बांग्लादेश सरकार ने अडाणी ग्रुप के साथ एनर्जी सेक्टर में डील में संशोधन की मांग की है। बांग्लादेश सरकार का कहना है कि बिजली की कीमतें ज्यादा हैं, इन्हें कम किया जाना चाहिए। बांग्लादेश ने अडाणी पावर लिमिटेड के साथ 2017 में 25 साल के लिए 1496 मेगावाट बिजली खरीद पर समझौता किया था। बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड ने गुरुवार को अडाणी पावर को चिट्ठी लिखी है। इसमें बिजली खरदी की कीमतों में बदलाव करने की मांग की है। बीपीडीसी का कहना है कि उसे महंगी दर पर बिजली मिल रही है।

बात एलआईसी की करें तो अदाणी ग्रुप के शेयरों में एलआईसी का 24 जनवरी को टोटल इन्वेस्टमेंट 81,268 करोड़ रुपए था, जो 27 जनवरी को गिरकर 62,621 करोड़ रुपए रह गया है। इस हिसाब से एलआईसी को 2 ट्रेडिंग सेशन में करीब 18,646 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक, 31 दिसंबर 2022 तक एलआईसी के पास अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी पोर्ट्स, अडाणी टोटल गैस, अडाणी ट्रांसमिशन, अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी में 1 प्रतिशत से ज्यादा की हिस्सेदारी है। देखा जाए तो देश की सबसे भरोसेमंद बीमा कंपनी की दुर्गति का दौर भी शुरू हो गया है। इसीलिए विपक्ष लगातार एलआईसी और भारतीय स्टेट बैंक को बचाने की मांग भी करता आ रहा है।

हां, इस पर भी बात हो रही है कि जिस बैंक से समूह ने हजारों करोड़ का ऋण लिया, वही बैंक उस समूह में निवेश भी कर रही है। अर्थ विशेषज्ञ कहते हैं कि दुनिया में यह अपनी तरह का पहला उदाहरण है। यह कोई और नहीं भारत की प्रमुख सरकारी और विश्वसनीय मानी जाने वाली भारतीय स्टेट बैंक है। इस बैंक ने क्यों और कैसे अदाणी समूह में निवेश किया और इतना ऋण दे दिया, सब जानते हैं। अब इसे बचाने के प्रयास सरकार को करने ही होंगे। हां, संसद में भी शायद उसी तरह का जवाब आए, जिस तरह का अदाणी की तरफ से बचाव पत्र जारी हुआ और वीडियो संदेश आया। समूह में तो गिरावट का दौर जारी है, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि हमारी सबसे बड़ी बाजार नियंत्रक संस्था मानी जाने वाली सेबी की ओर से अभी तक अधिकृत बयान नहीं आया है। यदि सब कुछ ठीक नहीं है तो तत्काल कई स्तर पर जांच तो होना ही चाहिए। किसी एक समूह भर का मामला नहीं है, हमारे देश की गिरती साख का मामला भी है। भारत को अंतर्राष्ट्रीय कारोबार जगत में जो स्थान हासिल हुआ है, उसे खतरा है।

# झूठ बोले कौआ काटे! हिंदुओं को बांटने की घटिया राजनीति

**रामेन्द्र सिन्हा**

समाजवादी पार्टी के नेता और रामचरित मानस पर बकैती करके पार्टी के अब महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने 16वीं शताब्दी के लोकप्रिय ग्रंथ या उसके रचयिता तुलसी दास पर कोई नया निशाना नहीं साधा है। बस, संदर्भ नया है। लोकसभा चुनाव के पहले हिंदू मतों को जातियों में लड़ा कर बांटना और अपना उल्लू सीधा करना। यही काम, जातिगत जनगणना के बहाने बिहार में कहीं नीतीश कुमार तो नहीं कर रहे?




स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस को लेकर कहा, 'जिस दकियानूसी साहित्य में पिछड़ों और दलितों को गाली दी गई हो उसे प्रतिबंधित होना चाहिए।' स्वामी प्रसाद के अनुसार, तुलसीदास के ग्रंथ की एक चौपाई है, जिसमें वह शूद्रों को अधम जाति का होने का सर्टिफिकेट दे रहे हैं। ब्राह्मण भले ही लंपट, दुराचारी, अनपढ़ और गंवार हो, लेकिन उसे पूजनीय बताया है, लेकिन शूद्र ज्ञानी, विद्वान हो फिर भी उसका सम्मान मत करिए। मौर्य ने कहा कि 'अगर यही धर्म है तो ऐसे धर्म को मैं नमस्कार करता हूं। ऐसे धर्म का सत्यानाश हो, जो हमारा सत्यानाश चाहता हो।'

मौर्य के बयान के बाद आग में घी डालने का काम लखनऊ में स्वामी प्रसाद के समर्थकों द्वारा रामचरितमानस की प्रतियां फाड़ कर जलाने और पांव से रौंदने तथा पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह, रानीगंज के सपा विधायक आरके वर्मा सहित अन्य नेताओं ने समर्थन में बयान देकर किया। उधर, हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास ने तो क्रुद्ध होकर मौर्य के खिलाफ फतवा जारी कर दिया। जबकि, संत समाज लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव और सपा का संपूर्ण बाहिष्कार के लिए यात्रा निकालने की तैयारी में है।

दूसरी ओर, एक अंग्रेजी समाचारपत्र से बातचीत में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह मुद्दा उन लोगों की ओर से उठाया जा रहा है, जो समाज में माहौल खराब करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करने वाले हैं, तब विकास और निवेश से लोगों का ध्यान हटाने के लिए वे इस तरह के बेकार के मुद्दों को उठा रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मौर्य का समर्थन करते हुए कहा कि वह सीएम योगी से यूपी के पूर्व मंत्री की ओर से संदर्भित छंदों का वास्तविक अर्थ पूछेंगे। जिस पर, सीएम ने कहा कि यह बुद्धि और समझ की बात है। किसी शब्द को किस बोली में लिखा गया है। किसी विशेष स्थान पर उस शब्द का अर्थ क्या है? यह समझने के लिए कम से कम पर्याप्त बुद्धि और तर्क होना चाहिए। हालांकि, बहुसंख्यक वर्ग के रोष को देखते हुए सपा ने मौर्य के बयान को निजी बता कर पल्ला भी झाड़ लिया है।

उधर, बिहार जाति जनगणना करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। दो चरणों में राज्य के सभी 38 जिलों में होने वाली जनगणना के 30 अप्रैल तक चलने की संभावना है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार का दावा है कि यह जनगणना राज्य और देश के विकास के लिए फायदेमंद होगी। जबकि, डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव के अनुसार, जनगणना की कवायद सरकार को वैज्ञानिक रूप से विकास कार्य करने में सक्षम बनाएगी और यह राज्य की गरीब आबादी के हित में होगी। दूसरी ओर, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ विनीत सिंह ने सर्वेक्षण के तौर तरीके पर सवाल उठाते हुए कटाक्ष किया कि जो शिक्षक दिन में बच्चों को जातपांत के विरूद्ध नसीहत देंगे, वही घर पर जाकर जब जाति पूछेंगे तो क्या संदेश जाएगा।

झूठ बोले कौआ काटे: गोस्वामी तुलसीदास को जात-पांत से कोई लेना देना नहीं था फिर भी उन पर जातिवादी होने का आरोप कालांतर से लगता रहा है। जबकि, वे भक्त कवि, संत महात्मा थे। भक्त, संत महात्माओं की कोई जाति नहीं होती है।

तुलसीदास ने संवत् 1631 में रामचरित मानस लिखनी शुरू की थी। संवत् 1633 के अगहन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी पर ये ग्रंथ पूरा हो गया। यानी इसे पूरा करने में 2 साल 7 माह और 26 दिन का समय लगा था। तो, लगभग सवा चार सौ वर्ष पूर्व लिखे गए इस ग्रंथ की विवादों में घसीटी गई चौपाई का संदर्भ और शब्दों का अर्थ समझना भी आवश्यक है।

**प्रभु भल कीन्ह मोहि सिख दीन्हीं। मरजादा पुनि तुम्हरी कीन्हीं॥**

**ढोल गंवार शूद्र पशु और नारी। सब ताड़ना के अधिकारी**

ये चौपाई उस समय कही गई, जब समुद्र द्वारा श्रीराम का विनय स्वीकार न करने पर प्रभु क्रोधित हो गए और अपने तरकश से बाण निकाला। तब, समुद्र देव श्रीराम के चरणो में आए और क्षमा मांगते हुये अनुनय करते हुए कहने लगे, 'हे प्रभु, आपने अच्छा किया जो मुझे शिक्षा दी.. और ये लोग विशेष ध्यान रखने यानि शिक्षा देने के योग्य होते हैं!

दरअसल, ताड़ना एक अवधी शब्द है, जिसका अर्थ पहचानना, परखना या रेकी करना! अवधी भाषा के जानकारों के अनुसार ढोल यानि ढोलक, गवार यानि ग्रामीण या अनपढ़, शूद्र यानि वंचित वर्ग (तत्कालीन वर्ण व्यवस्था के अनुसार), पशु यानि जानवर, नारी यानि स्त्री, सकल मतलब पूरा या सम्पूर्ण, ताड़ना यानि पहचनाना या परख करना, अधिकारी यानि हक़दार तो इस प्रकार इस पूरे चौपाई का अर्थ यह हुआ कि ढोलक, अनपढ़, वंचित, जानवर और नारी, यह पांच पूरी तरह से जानने के विषय हैं।

तुलसीदास इस चौपाई के माध्यम से यह कहना चाहते थे कि, ढोलक को अगर सही से नहीं बजाया जाय तो उससे कर्कश ध्वनि निकलती है अत: ढोलक पूरी तरह से जानने या अध्ययन का विषय है इसी तरह अनपढ़ व्यक्ति आपकी किसी बात का गलत अर्थ निकाल सकता है या आप उसकी किसी बात को ना समझकर अनायास उसका उपहास उड़ा सकते हैं अत: उसके बारे में अच्छी तरह से जान लेना चाहिए, वंचित व्यक्ति को भी जानकर ही आप किसी कार्य में उसका सहयोग ले सकते हैं अन्यथा कार्य की असफलता का डर बना रहता है, पशु के पास सोचने एवं समझने की क्षमता मनुष्य जितनी नहीं होती इसलिए कई बार वो हमारे किसी व्यवहार, आचरण, क्रियाकलाप या गतिविधि से आहत हो जाते हैं और ना चाहते हुए भी असुरक्षा के भाव में असामान्य कार्य कर बैठते हैं। अत: पशु को भी भली-भांति जान लेना चाहिए, इसी प्रकार अगर आप स्त्रियों को नहीं समझते तो उनके साथ जीवन निर्वहन मुश्किल हो जाता है यहां स्त्री का तात्पर्य माता, बहन, पत्नी, मित्र या किसी भी ऐसी महिला से है जिनसे आप जीवनपर्यन्त जुड़े रहते हैं, ऐसे में आपसी सूझबूझ काफी आवश्यक होती है।

वर्ण व्यवस्था तुलसी की स्वयं निर्मित की हुई नहीं थी। उनसे पहले वेदादिग्रंथों में वर्णव्यवस्था का प्रावधान पहले से था। वह व्यवस्था जन्म के आधार पर नहीं कर्म के आधार पर थी। परस्पर सभी वर्णों में सहयोगात्मक भाव लिए हुई थी। किसी को ऊंचा या नीचा दिखाने के लिए नहीं। बाद में वर्णव्यवस्था को जब जाति के आधार पर स्वीकार किया जाने लगा तो उसमें विकार अवश्य आ गया उसमें तरह-तरह की जातियां पैदा हो गईं। पर तुलसी ने जिस कर्म आधारित वर्णव्यवस्था का समर्थन किया है उसमें जाति-पांति, ऊंच-नीच भेदभाव का कोई स्थान नहीं था। यदि ऐसा होता तो तुलसी के प्रिय पात्र राम शबरी के जूठे बेर नहीं खाते। भारद्वाज मुनि निषादराज को गले नहीं लगाते क्योंकि वह नीची जाति का था, भारद्वाज मुनि ऊंची जाति के थे।

तुलसी के 'रामराज्य' में भी छुआ-छूत, जातिवाद, भेदभाव का कोई स्थान नहीं था। चारों वर्ण के लोग 'राजघाट' पर एक साथ स्नान करते थे- 'राजघाट सब विधि सुंदर बर, मज्जहि तहाँ बरन चारिउ नर'।

भारत में 1872 में अंग्रेजों ने जनगणना की शुरुआत की, लेकिन जाति आधारित जनगणना सिर्फ और सिर्फ एक बार 1931 में ही हुई थी। अंग्रेज जिस तरह भारत को तोड़ने का कुचक्र रच रहे थे, कोई शक नहीं कि जाति जनगणना के विचार के पीछे भी देश तोड़ने की ही मंशा थी। इस तथ्य को आजादी के बाद सरदार पटेल ने भी समझा। आजादी के बाद जब 1951 की जनगणना की तैयारी हो रही थी, तब भी जाति आधारित जनगणना की मांग उठी थी, लेकिन पटेल ने इसे यह कहते हुए नामंजूर कर दिया था कि ऐसा करने से भारत का सामाजिक ताना-बाना टूट जाएगा। यहां यह भी याद किया जाना चाहिए कि दूसरा विश्व युद्ध होने की वजह से साल 1941 में जनगणना हुई ही नहीं थी।

जातिगत जनगणना सर्वेक्षण

1950 का साल हो या फिर 1980 का या फिर आज का वक्त, जाति आधारित जनगणना की मांग को नामंजूर करने वाले गृहमंत्रियों का एक ही तर्क रहा है कि इससे सामाजिक ताना-बाना टूट जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 14 में इसीलिए समानता को मूल अधिकार में शामिल किया गया। यह ठीक है कि आजादी के कुछ साल बाद तक के लिए जातीय आधार पर आरक्षण दिया गया। वैसे इसे अनंत काल तक लागू किए जाने के खिलाफ खुद डा. अंबेडकर भी थे। उनका भी लोहिया की तरह मानना था कि इस व्यवस्था से समाज में समानता आएगी और फिर किसी को विशेष दर्जा देने की जरूरत नहीं रहेगी, लेकिन इसके ठीक उलट हुआ। क्योंकि, जातियां राजनीति का नया हथियार बनती चली गईं।

मंडल आयोग के हिसाब से केंद्रीय सूची में पिछड़ी जातियों की संख्या 2633 है, लेकिन आरक्षण लागू होने के इतने दिनों बाद भी इस सूची में एक हजार से अधिक जातियां ऐसी हैं जिनके लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। जातिवाद को बढ़ावा देने में सबसे ज्यादा योगदान उस समाजवादी धारा के राजनेताओं का रहा है, जिसके नेता डा. राममनोहर लोहिया जाति तोड़ो का नारा देते थे। जदयू और राजद, दोनों पार्टियां सत्ता प्राप्त करने के लिए जातिगत समीकरणों पर ही ज्यादा भरोसा करती हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो नीतीश कुमार जातिगत जनगणना करा कर ओबीसी वोटबैंक को साधने की कवायद में लगे हुए हैं तो वहीं राजद जनगणना करा कर ओबीसी वोटबैंक को और मजबूत करना चाहती है।

तो ले-देकर, चाहे रामचरित मानस पर कीचड़ उछालने का मामला हो चाहे जातिगत जनगणना का। नेताओं की नीति और नीयत में 2024 का लोकसभा चुनाव ही दिखता है। देश के लिए क्या यह ठीक है, विचार करना होगा।

# बदले राहुल गांधी और कांग्रेस ?

**-राकेश दुबे**

देश के राजनीतिक मंच पर एक सवाल बहुत तेज़ी से तैर रहा है, 135 दिन चली यात्रा ने राहुल गांधी की एक नेता के रूप में छवि को कितना उभारा? और इससे कांग्रेस को कितना लाभ होगा? राहुल गांधी की कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा और कुछ हासिल हुआ हो या होगा की नहीं अलग बात है। राहुल गांधी ने उस धारणा को तोड़ा है, जिसमें उन्हें एक अगंभीर राजनेता के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश होती रही है।

देश के दक्षिणी सिरे से 7 सितम्बर को शुरू हुई करीब चार हजार किमी यात्रा को मौसम की जटिलताओं और भौगोलिक चुनौतियों के बीच अंजाम देना सहज-सरल कार्य नहीं था। रक्त जमाती सर्दी में उनका लगातार टी-शर्ट में रहना कौतूहल का विषय बना रहा है। जिसकी व्याख्या उन्होंने समाज के उन गरीब लोगों के प्रति संवेदना की बात कही, जिनके पास तन ढकने के लिये कपड़े नहीं होते। निस्संदेह राहुल ने इस यात्रा के जरिये शारीरिक व मानसिक सहनशक्ति दर्शायी है। वे लगातार भाजपा व संघ पर हमलावर रहे और देश की बहुलतावादी संस्कृति के संरक्षण की बात करते रहे।

चलिए, सुस्त होती कांग्रेस में कम से कम एक संदेश तो गया कि उनके बीच कोई जूझने वाला नेता खड़ा है। राहुल लगातार इस कथन को खारिज करने का प्रयास करते रहे कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है, इसमें वे और उनकी पार्टी कितनी सफल रही आने वाले चुनाव बताएँगे । वैसे उनका प्रयास आगामी आम चुनाव के लिये कांग्रेस पार्टी



संगठन में प्राणवायु का संचार करने का तो था ही । देश के राजनीतिक परिदृश्य में यह बहस आम है कि राहुल गांधी की इस पदयात्रा से क्या हासिल हुआ? क्या राहुल पदयात्रा में मिले समर्थन को आगामी चुनावों में वोटों में तब्दील कर पायेंगे ? क्या वे राजग सरकार के खिलाफ विपक्ष का महागठबंधन बना पाएंगे? हालांकि यह भी सत्य है कि विभिन्न राज्यों में सरकार चला रहे विपक्षी दलों के क्षत्रपों का अपेक्षित समर्थन उन्हें यात्रा के दौरान नहीं मिल पाया। कुछ ही विपक्षी दल उनकी यात्रा में शामिल हुए हैं। सवाल यह भी कि क्या इस पदयात्रा के बाद आगामी आम चुनाव में कांग्रेस विपक्ष को नेतृत्व देने की स्थिति में होगी ?

यहां सवाल यह भी है कि अब जब भाजपा 2024 के आम चुनावों के लिये बिगुल फूंक चुकी है तो राहुल गांधी क्या मोदी-शाह की महारथ का मुकाबला करने की स्थिति में आए हैं? फिर भी कह सकते हैं कि नागरिकों से सीधा संवाद और उनकी सहानुभूति हासिल करने में राहुल गांधी कुछ कामयाब तो हुए हैं। इसकी वजह यह भी है कि आम आदमी के दैनिक जीवन से जुड़े मुद्दों और समस्याओं को राहुल ने पदयात्रा के दौरान शिद्दत से उठाया है।

अब कांग्रेस को यह ध्यान रखना होगा कि स्पष्ट, निर्णायक, व्यावहारिक संगठनात्मक रणनीति के अभाव में राहुल के प्रयासों को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकती है। भारत जोड़ो यात्रा इस दिशा में प्रयास का एक शुरुआती बिंदु कहा जा सकता है। दूसरी ओर कश्मीर में पदयात्रा के समापन पर शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में आयोजित रैली में राहुल ने जिस तरह भावनात्मक संवाद किया, उसने कम से कम कश्मीर के लोगों के दिल को तो जरूर छुआ । उन्होंने देश की विविधता की संस्कृति के पक्ष में आवाज बुलंद करने का प्रयास भी किया। साथ ही हिंसा के दर्द को महसूस करने की बात भी कही और इसे खत्म करने के लिय व्यावहारिक उपायों पर बल दिया। कट्टरवाद को खारिज करते हुए उन्होंने अहिंसा के पुजारियों की समृद्ध परंपरा का जिक्र करते हुए महात्मा गांधी का स्मरण किया।

भले ही भाजपा सिरे से राहुल गांधी की यात्रा की सफलता को स्वीकार नहीं कर रही है लेकिन राहुल ने भाजपा के सामने कई चुनौतियां जरूर पैदा कर दी है । अब कांग्रेस के नीति-नियंताओं पर निर्भर करता है कि राहुल की यात्रा से दिखते दृश्य को वास्तविक उपलब्धियों में वे कैसे बदलते हैं। इस साल नौ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव व अगले साल होने वाले आम चुनाव इसकी परीक्षा की कसौटी होगी। निस्संदेह कांग्रेस को संगठन समेत कई स्तरों पर कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस यात्रा से मिले अनुभवों से राहुल एक परिपक्व राजनेता के रूप में उभरेंगे और सुस्त होती जा रही कांग्रेस चैतन्य होगी।

# मामूली राहतों और राजनीतिक आत्मविश्वास से भरा बजट

**अजय बोकिल**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अपने पांचवे बजट में विकासकी चाहतों और मध्यवर्ग को राहतों का अच्छा संतुलन साधा है। लिहाजा यह अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ राजनीतिक हितों को साधने वाला बजट भी है। हालांकि इसमें चमत्कारी जैसा कुछ नहीं है। सरकार ने कुछ राहते दी हैं, लेकिन सीधे रोजगार की कोई बात नहीं की है। उल्टे ग्रामीण रोजगार योजना का बजट घटा दिया है। सरकार मान रही है कि आर्थिक विकास का इंजन तेजी से आगे बढ़ना जरूरी है, रोजगार तो अपने आप निर्मित होते जाएंगे। मांग बढ़ाने के लिए खर्च प्रावधान किए हैं। समूचे बजट में अधोसरंचना कौशल विकास और बुनियादी सुविधाओ के विस्तार पर जोर है। हालांकि सरकार ने ग्रामीणों को रोजगार देने वाली योजनाओंका बजट 60 हजार करोड़ रू. घटा दिया है।

बजट सामने आते ही शेयर बाजार में उछाल आ गया और नौकरीपेशा मध्य वर्ग के होठों पर भी हल्की मुस्कान छा गई। वर्ष 2023-24 का 45 लाख करोड़ रू. से अधिक यह केन्द्रीय बजट इस बात का संकेत भी है कि केन्द्र में मोदी सरकार और भाजपानीत एनडीए इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि अगले साल होने वाले आम चुनावों में उनकी वापसी होगी। इसलिए 'रेवडी कल्चर' से बचा गया है।

वित्त मंत्री ने अपने बजट में आर्थिकी की मूलभूत कारको पर जैसे कृषि, आवास, स्वास्थ?य, अधोसंरचना पर ज्यादा ध्यान दिया है बजाए रेवड़ी बांटने वाली योजनाओं के। लेकिन प्रत्यक्ष करों के तहत आयकर में छूट की सीमा बढ़ाकर सीतारमन ने मध?य वर्ग की पुरानी मांग की पूर्ति कर दी है। हालांकि यह छूट अपेक्षा से कम है। वित्त मंत्री ने समावेशी विकास के अपने पिछले मंत्र को कायम रखते हुए इस बार आर्थिक विकास के सप्तर्षि कारकों का जिक्र कर उसी हिसाब से बजट आवंटन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अब 'ज्ञाननीत आर्थिकी' की ओर बढ़ना है। क्योंकि भारत की आर्थिक मजबूती वैश्विक अर्थव्यवस्था का इंजन बनने के लिए भी जरूरी है।

कृषि क्षेत्र में सरकार पहले से ही किसानों को सीधे नकद लाभ दे रही है। वित्त मंत्री ने बताया कि पीएम किसान योजना के तहत सरकार ने बीते वित्तीय वर्ष में 2.2 लाख करोड़ रू. किसानों के खातों में ट्रांस्फर किए हैं। साथ ही उन्होंने मोटे अनाज के उत्पादन, अनुसंधान में बढ़ोतरी के लिए 'श्री अन्न योजना' का एलान किया। इसके पीछे सरकार की योजना मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने के साथ साथ उसका निर्यात भी बढ़ाना तथा पारंपरिक खाद्यान्नों जैसे गेहूं चावल पर निर्भरता कम करना है। साथ ही सरकार कृषि एवं सहकारिता को बढ़ावा देने डिजीटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करने जा रही है। बजट में एक महत्वपूर्ण घोषणा युवा उद्यमियों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि स्टार्ट उप शुरू करने के लिए 'कृषि वर्द्धक निधि' की स्थापना है। इसके अलावा लंबे रेशेदार कपास का उत्पादन बढ़ाने के लिए पीपीपी के माध्यम से क्लस्टर आधारित वैल्यू चेन का निर्माण, हाई वेल्यू बागवानी फसलों के लिए 'आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम' का आरंभ करना शामिल है। बजट में कृषि ऋणों को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रू. तक करने का ऐलान भी है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा- वित्तमंत्री ने देश में स्वास्थ्य सेवाओ के विस्तार के उद्देश्य से वर्तमान सभी 157 मेडिकल कॉलेजों के पास इतनी ही संख्या में नर्सिंग कॉलेज खोलने की घोषणा की, जिससे नर्सिंग स्टाफ की कमी को पूरा किया जा सकेगा। देश में 2047 तक सिकल सेल एनीमिया के पूरी तरह खात्मे के लिए मिशन की शुरूआत तथा चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान व नवाचार के लिए चुनिंदा आईसीएमआर प्रयोगशालाओं की सुविधा सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों को उपलब्ध कराई जाएगी। फार्मास्युटिकल्स के क्षेत्र में नवाचार के उद्देश्य से उत्कृष्टता केन्द्रों के माध्यम से नया कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें व अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय डिजीटल पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। बजट में समाज के कमजोर वर्गों खासकर 3.5 लाख आदिवासी छात्रों के लिए संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में 38 हजार 800 अध?यापकों की नियुक्ति की जाएगी।

आवास- गरीबों को आवास प्रदान करने वाली पीएम आवास योजना के तहत बजट की राशि 60 फीसदी बढ़ाकर 79 हजार करोड़ रू. कर दी गई है। देश में 'भविष्य के शहरों' के विकास के मद्देनजर शहरी आयोजना में सुधार करने तथा उन्हें म्युनिसिपल बांड के लिए तैयार करने का उल्लेख बजट में है। शहरो के विकास के लिए धन उपलब्ध कराने के लिए सरकार 'शहरी अधोसरंचना विकास निधि' की स्थापना करेगी, जिसका संधारण राष्ट्रीय आवास बैंक करेगी। बजट में एक अहम घोषणा मानवीय गरिमा के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सीवेज लाइनों के मेनहोल की सफाई अब पूरी तरह से मशीनों के जरिए कराने की घोषणा वित्त मंत्री ने कही है। अमूमन यह काम अभी भी सफाई कामगार ही करते हैं और कई बार ऐसा करते समय उनकी मृत्य हो जाती है।

वित्त मंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए देश के तीन शीर्ष शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्टता केन्द्र खोलने की घोषणा की। यह समय की मांग है। इस बजट की अन्य अहम बातो में अब पैन नंबर को ही पहचान का प्रमाण मानने, ई न्यायालय परियोजना शुरू करने, 5 जी सेवाओं के एप्लीकेशन तैयार करने इंजीनियरिंग कॉलेजों में सौ प्रयोगशालाएं स्थापित करने तथा देश में कृत्रिम हीरा उत्पादन को प्रोत्साहित करना भी शामिल है। वित्त मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देश में कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए हरित हाइड्रोजन मिशन को बढ़ावा देने तथा पीएम प्रणाम योजना के अंतर्गत वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने की बात भी बजट में की। राज्यो में उनके, जीआई उत्पादों और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों को प्रोत्साहित करने 'यूनिटी मॉल' स्थापित किए जाएंगे।

आजकल बजट में पहले की तरह चीजों के महंगा और सस्ते होने का रोमांच जीएसटी ने खत्म कर ?दिया है। फिर भी कुछ मामलों में यह अभी भी कायम है। वित्त मंत्री महंगाई बढ़ाने वाले उपायों से दूरी बनाए रखी। लेकिन सोना और सिगरेट जैसी चीजों को महंगा करने से परहेज नहीं किया। बकि प्रदूषण न करने वाली इलेक्ट्रिक वाहनो को सस्ता करने की पहल की। मध्य वर्ग को राहत- वित्त मंत्री सीतारमन ने इस बार उस मध्य वर्ग को निराश नहीं किया, जो लंबे समय से भाजपा का वोटर रहा है। इस वर्ग की मांग को मानते हुए उन्होंने आयकर में छूट देने का ऐलान किया, जिससे देश के करीब 40 करोड़ लोगो को फायदा होगा। उन्होंने व्यक्तिगत आयकर में छूट की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख करने का ऐलान किया साथ ही आयकर स्लैब भी 6 से घटाकर पांच कर दिए। नई व्यवस्था के तहत अब 3 लाख रू. तक की वार्षिक आयपर कोई कर नहीं लगेगा, जबकि 3 से 6 लाख रू. तक 5 प्रतिशत, 6 से 9 लाख रू. तक 10 प्रतिशत, 9 से 12 लाख रू. तक 15 प्रतिशत, 12 से 15 लाख रू. तक 20 प्रतिशत तथा 15 लाख रू. से ऊपर की आय वालो को पूर्ववत 30 फीसदी आयकर देना होगा। इसके अलावा व्यक्तिगत आयकर की उच्चतम अधिभार की दर 42.74 प्रतिशत को घटाकर अब 37 फीसदी कर दिया गया है।बचत को प्रोत्साहन- वित्त मंत्री ने सेना, पुलिस, रेलवे व अन्य विभागों के बजट बढ़ाकर ज्यादा खर्च और मांग का इंतजाम किया वहीं बचतों को बढ़ावा देने का भी ध्यान रखा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## 5 फरवरी को लगेगा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर

बैरसिया। बैरसिया में विकलांगों और मरीजों की सहूलियत को देखते हुए बैरसिया विधायक विष्णु खत्री के अथक प्रयासों से 5 फरवरी रविवार को सुबह 10ः00 से शाम 5ः30 बजे तक बैरसिया के दशहरा मैदान में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें मेडिकल बोर्ड का कैंप भी लगाया जाएगा। कैंप का संचालन चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल द्वारा किया जाएगा इस शिविर में एक्सरे सोनोग्राफी इको ईसीजी पीएफटी डायबिटीज और खून की कई प्रकार की जांच निशुल्क की जाएगी। साथ में मानसिक रोग हड्डी रोग स्त्री रोग छाती एवं स्वास रोग शिशु रोग नेत्र रोग दंत रोग ह्रदय रोग नाक कान गला चर्म रोग, पेट रोग किडनी एवं मूत्र रोग डायबिटीज बाल श्रवण बाधिता सहित कई रोगों का इलाज मुफ्त में किया जाएगा। इस विशाल शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों के शामिल होने की उम्मीद है।

## अवैध शराब बिक्री करने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा



ओबैदुल्लागंज। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सख्त निर्देश के बाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान में पुलिस लगातार कर रही है कार्रवाई अवैध शराब ठिकानों पर एवं ढाबो पर छापामारी करते हुए दो बनाए प्रकरण इन मामलों में 600 लीटर अवैध लहान जप्त कर नष्ट किया गया ।? एसपी विकास कुमार सहवाग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृत मीणा के आदेश पर नगर अब्दुल्लागंज पुलिस एक तरफ नशा विरोधी अभियान चलाने के लिए कार्रवाई कर रही है वहीं दूसरी तरफ नगर एवं ग्रामीणों के बीच जन जागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित की जा रहे हैं। जुआ खेलने वाले एवं अवैध शराब बेचने वालों पर कार्यवाही करने में इनकी रही अहम भूमिका एसडीओपी मलकीत सिंह टीआई संदीप चौरसिया एसआई साबिर मंसूरी एसआई सुरेंद्र बंटकर एस आई राजेश भदोरिया एस आई कुंज बिहारी शर्मा संजय ,सुनील , यमुना तिवारी ,माखन ऊईके धनराज यादव ,बलवान ,सियाराम बिंदु प्रसाद आदि

## पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन

रतलाम 7 पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ग्राम बोदीना, करिया एवं भैंसा डाबर मे एनपीए खाता धारको को बैंक की एक मुश्त ऋष्ठ समाधान योजनाओ के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही दिनांक 11/02/2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे मे जानकारी दी गयी जिसके माध्यम से एनपीए खाता धारक एक मुश्त ऋष्ठा समाधान योजना के तहत अधिक से अधिक छूट प्राप्त कर अपना ऋष्ठा खाता बंद करवा सकते है। 30 खाता धारको ने शिविर का लाभ लेते हुए बैंक के साथ समझौता प्रस्ताव जमा किए, जिनकी स्वीकृति बैंक द्वारा की जा रही है। अन्य खाता धारको को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से एक मुश्त समाधान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य प्रबन्धक प्रताप सिंह, मुख्य प्रबन्धक महेश शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक एम एल कुमावत व अन्य बैंक स्टाफ मौजूद रहे।

## जन समस्याओं को समझने के लिए निकाली जा रही जनसंवाद पदयात्राःभुवन सिंह

बिजावर इन दिनों बिजावर विधानसभा क्षेत्र में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर कांग्रेस नेता भुवन विक्रम सिंह केशू भैया राजा द्वारा बिजावर विधानसभा क्षेत्र में जन संवाद पद यात्रा निकाली जा रही है यह यात्रा 3 जनवरी 2023 से शुरू हुई थी जिसको 5 चरणों में बांटा गया है जिसको लेकर कांग्रेस नेता भुवन विक्रम सिंह द्वारा अपने निज निवास रतनगढ़ी गहरवार में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया केशू भैया राजा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं से रूबरू होकर उनको समझ कर हल करने का काम किया जा रहा है इस यात्रा के दो चरण पूर्ण हो चुके हैं जिसमें ईशानगर क्षेत्र एवं गुलगंज क्षेत्र के समस्त ग्रामों में जनसंवाद पदयात्रा का जनसंवाद कार्यक्रम पूर्ण हो गया है इस यात्रा का तीसरा चरण जल्द शुरू किया जाएगा यह जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता केशू भैया राजा ने बताया कि जनसंवाद यात्रा को जनता का पूर्ण समर्थन मिल रहा है एवं लोग अपनी समस्याएं बता रहे हैं कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा रहा है !! अभी तक जनसंवाद पदयात्रा 44 पंचायतों को पूर्ण कर चुकी है जिसमें गुलगंज क्षेत्र एवं ईशर नगर क्षेत्र के सभी पंचायतें शामिल है पत्रकार वार्ता के बाद केशु भैया राजा द्वारा सभी पत्रकार गणों का माल्यार्पण कर आभार व्यक्त किया गया इस मौके पर समस्त पत्रकार गण शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना वरदान सिद्ध हुई, तीर्थ यात्री हर्षित मन से जिले के 336 तीर्थ यात्री शिर्डी रवाना

छतरपुर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना वरदान छतरपुर जिले के तीर्थ यात्रियों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। योजनांतर्गत गुरूवार 2 फरवरी को महाराजा छत्रसाल रेलवे स्टेशन छतरपुर से जिले के 336 तीर्थ यात्री हर्षित मन से शिर्डी दर्शन के लिए टेªन से रवाना हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति विद्या अग्निहोत्री, नगरपालिका छतरपुर श्रीमति ज्योति चौरसिया, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, संयुक्त कलेक्टर पियूष भट्ट, एसडीएम विनय द्विवेदी, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि द्वारा तीर्थ यात्रियों का पुष्प मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। तीर्थ यात्रियों की ट्रेन की बोगी रिबन काटा और उन्हें देते हुए रवाना किया। तीर्थ यात्रियों के साथ भजन मण्डली दल, सुरक्षा दल, चिकित्सक दल एवं अनुरक्षक सहित यात्रियों के सहयोगी भी रहे। तीर्थ यात्रियों को स्वल्पहार एवं भोजन के पैकेट भी दिए गए। रेलवे स्टेशन पर और बोगी पर बैठने शिर्डी दर्शन के लिए जाने वाले तीर्थ यात्री अत्यंत ही हर्षित और प्रफुल्लित दिखाई दिए।

# नगर में बडी संख्या में चल रहा है अवैध ईट भट्टों का कारोबार, जिम्मेदार मौन



**सिरोंज ।** इन दिनों नगर के आसपास के इलाको में ईट भट्टो का करोबार जोरो पर है और इन ईट भट्टों की जानकारी होने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हो रही है। इसके साथ ही इन ईट भट्टों पर बाल श्रम भी बेझिजक कराया जा रहा है। बता दे कि इन दिनों अवैध ईट भट्टो का कारोबार जोरों पर चल रहा है। लटेरी रोड, तहसील के पास, रोहिलपुरा चौराहे पर, इमलानी रोड पर, केथन नदी के आस पास बडी संख्या में ईट भट्टे लगाए गये है। यहां न कोई जानकारी लेने वाला है न पूछने वाला है ईट भट्टे का मालिक अपने तरीके से कार्य कर रहे है न तों राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अवैध रूप से चल रहे इस कारोबार को रोकने के लिए हिम्मत जुटाई है। वही देखा जाए तों क्षेत्र मे चल रहे इन ईट भट्टो से अब पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। रहवासी क्षेत्र के पास लगे ईट भट्टे से दिन भर धुंआ फैलता रहता है। ईट भट्टा लगाने के लिए भूसा प्लास्टिक सामाग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जों लोगो के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। वही देखा जाए तों ईट भट्टो का व्यापार करने के लिए मिट्टी उत्खन्न के लिए लीज की स्वीकृति लेने के लिए तहसील की एनओसी वन विभाग की एनओसी निर्माण करने वाले का लायसेंस आदि तैयार कराना होता है तब कभी ईट भट्टो का व्यापार कर सकते है। गौरतलब होकि तहसील कार्यालय के पीछे ही ईट भट्टो का कारोबार जोरो पर हो रहा है मगर जिम्मेदार अधिकारियों का इस और ध्यान नही है। दिन भर ईट भट्टो में धुंआ निकल रहा है मगर प्रषासन बेखबर है।

## शहर में मोटरसाइकिल चोर गिरोह सक्रिय, पुलिस नहीं दे रहे ध्यान, बैंक के बाहर से हुई फिर मोटरसाइकिल चोरी

सिरोंज। पिछले कुछ दिनों से नगरी क्षेत्र से लगातार मोटरसाइकिल चोरी होने की घटनाएं सामने आ रही जिसको देखते ही ऐसा लग रहा है कि कहीं का चोर गिरोह फिर एक बार शहर में सक्रिय हो गया जिसके द्वारा खुलेआम चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है पुलिस इनको पकड़ नहीं पा रही है। चोरों के द्वारा मोटरसाइकिलओं को बैंकों के बाहर निजी एवं शासकीय धार्मिक स्थलों घरों से दिन और रात के समय बखूबी अंजाम दे रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस प्रशासन के द्वारा इन चोरों को पकड़ने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पहले तो रात में ही चोरी की घटनाएं हो रही थी अब तो चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं कि अब दिनदहाड़े भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर इनको चुराने का काम किया जा रहा है। इसी तरह का एक मामला सामने आया है। अब्दुल वहाब खान की मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। वह बैंक ऑफबड़ौदा में 2:30 बजे के करीब बैंक में अपना काम करने के लिए अंदर गए और वापस 3:00 बजे लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल मौके से गायब थी इसके बाद उन्होंने आसपास खोजबीन की जब नहीं मिली तो आसपास लगे सीसी टीवी केमरो में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। जिसकी वीडियो फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई है। वहीं पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी पर मोटरसाइकिल चोरी करने का मामला दर्ज करके कार्रवाई करने की बात कही। पिछले कुछ दिनों से लगातार इस तरह से मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना है रुकने का नाम नहीं ले रही है। इसके कारण लोगों में डर का माहौल भी है वह अपने वाहनों को शासकीय निजी कार्यालय बैंकों के बाहर भी सुरक्षित नहीं मान रहा है।

# अश्लील फोटो वायरल किये जाने के मामले में भाजपा नेता के खिलाफ धमकाने के आरोप

### पीड़ित युवती की शिकायत पर सरपंच सहित पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

बैतूल। भैंसदेही ब्लाक के ग्राम सावलमेंढ़ा में ब्यूटी पार्लर संचालिका के अश्लील वीडियो वायरल होने के मामले में बुधवार को पीड़िता ने एसपी से शिकायत करते हुए वीडियो वायरल करने वाले भाजपा नेता सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ शिकायत वापस लेने के लिए धमकी एवं दबाव बनाने का आरोप लगाया।

पीड़िता ने एसपी को सौंपे शिकायत आवेदन में बताया कि भैंसदेही के भाजपा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष रोशन सोनी एवं सतीष जैसवाल शिकायत वापस लेने के लिए धमकी दे रहे है। आवेदन के माध्यम से पीड़िता ब्यूटी पार्लर संचालिका ने कहा कि रोशन सोनी द्वारा मेरे पिताजी को धमकाया गया कि श्रीराम भलावी सरपंच है। लड़की को समझाकर शिकायत वापस लो नहीं तो अभी तक वह कलारो के पीछे लगा था, अब आपके पीछे लग जायेगा। यदि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो इसके लिये सरपंच श्रीराम भलावी, कादर शाह, रोशन सोनी और सतीष जैसवाल जिम्मेदार होंगे। पीड़िता का कहना है कि इस घटना से उनके मान सम्मान को ठेस पहुंची है, जिसके चलते हुए मानसिक तनाव में है।

### ये है पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक एक युवक के शादी से पहले इस युवती से करीबी संबंध थे। इसी दौरान युवक ने युवती के साथ कुछ तस्वीरें ली थीं। बाद में युवक की शादी कहीं और हो गई, शादी के बाद युवक की पत्नी को उस पर शक था कि पति के किसी दूसरी युवती से भी संबंध हैं। अपने इसी शक के कारण उसने एक दिन पति का मोबाइल चेक किया तो उसमें एक युवती की व पति की तस्वीरें एक साथ देख लीं। जिनमें कुछ तस्वीरें आपत्तिजनक भी थीं। इसके बाद पत्नी ने उन तस्वीरों को अपने मोबाइल में ले लिया और फिर अपने साथियों को देकर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करा दिया। वहीं एसपी को सौंपे शिकायत आवेदन में युवती का कहना है युवक की पत्नि ने पति के मोबाइल का बेकअप लेकर अश्लील फोटो उसकी बहन को भेज दी थी। इसके बाद अश्लील तस्वीर श्रीराम भलावी के पास पहुंच गई। श्रीराम भलावी ने कादर शाह को फोटो भेज कर वायरल कर दी। इस प्रकार अनेक जगह फोटो वायरल होने के चलते उनके आत्मसम्मान को धूमिल करने की कोशिश की गई। पीड़िता ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### इन पर दर्ज हुआ मामला

पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सरपंच उनकी पत्नी, पंच व दो महिलाओं सहित 5 लोगों के खिलाफ आईटी एक्ट और धारा 354 डी के तहत मामला दर्ज कर जांच में ले लिया है। युवती ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया है कि जो तस्वीरें वायरल हो रही हैं वो युवक की शादी से पहले की हैं और युवक ने उससे कहा था कि उसने तस्वीरें डिलीट कर दी हैं।

## अवैध शरब मामले में दो आरोपियों को दो-दो साल कठोर कैद की सजा सुनाई है

छतरपुर। अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाइन निरीक्षक अरविन्द कुजुर दिनांक 08/09/2016 को मुखविर से प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु हमराही स्टाफ के साथ संकट मोचन तिराहे के आंगे संकट मोचन पहाड़िया में चेकिंग लगाई थी, तभी एक सफेद रंग की इंडिगो कार क्रमांक एमपी 07 सीसी 3109 आती दिखी जिसमें 2 व्यक्ति बैठे दिखे । उक्त वाहन को हमराह स्टाफ के साथ रोकने का प्रयास किया, किन्तु उक्त वाहन नहीं रूका। वाहन का पीछा करने पर वाहन के चालक द्वारा वाहन को नई ईद गाह के रोड पर डाल दिया तथा उसमें बैठा व्यक्ति गाडी से कूदकर भाग गया। वाहन को हमराह बल व गवाहों की सहायता से रोका, वाहन चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम नीलू उर्फ दिलीप नामदेव बताया व गाडी से कूदकर भागे व्यक्ति का नाम वसीम खान बताया। वाहन को चौक करने पर वाहन के पीछे की डिग्गी में 6 पेटी देशी शराब कुल 300 क्वार्टर मदिरा मिली।

## कर्मचारी चयन मंडल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षाओं में ऋणात्मक अंक हटाने के संबंध में ज्ञापन



सीहोर। गुरुवार को उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक परीक्षार्थी ने ब?ी संख्या में कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन पत्र सौंपा है। जिसमें सभी ने मांग की कर्मचारी चयन मंडल द्वारा उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन लिए जा रहे है इन परीक्षाओं में ऋष्ठात्मक अंक का प्रावधान किया गया है, जबकि 2018 में ली गई परीक्षाओं में ऋष्ठात्मक अंक का प्रावधान नहीं था, वर्ष 2018 में हुई पात्रता परीक्षा में उतीर्ण अभ्यार्थियों को आजीवन पात्र माना गया है तथा भारत के किसी भी राज्यों में यहां तक कि एनईटी, एमपीएसईटी और एमपीचीएससी जैसी ब?ी परीक्षाओं में ऋष्ठात्मक अंक का प्रावधान नहीं है।

ज्ञापन देने वालों का कहना है कि 2023 में ली जा रही पात्रता परीक्षाओं में ऋष्ठात्मक अंकों के साथ 60 प्रतिशत अंक लाना असम्भव है, इससिल इन पात्रता परीक्षाओं में ऋष्ठात्मक अंक निरस्त कराने कृपा करे। परीक्षार्थियों का कहना है कि अगर ऐसा नहीं किया तो समस्त परीक्षार्थी द्वारा पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा, उसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रश्मी चौहान, अंतिम मालवीय, महेश परमार, शवेन्द्र वर्मा, कुलदीप बडेदिया, राहुल कामले, प्रदीप बकोरयिा, पंकज वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र राठौर, ललित मालवीय, अशु लिम्बोदिया, राहुल सूर्यवंशी, राहुल वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, संदीप सोलंकी, विष्णु मालवीय, तुंषार वर्मा, सुनील चौहान, रोहित मेवा?ा, भूपेन्द्र मेवा?ा, शुभम कुमार आदि शामिल थे।

# शिवम तिवारी को मुख्यमंत्री ने दिया असली हीरो सम्मान

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मानव दुर्व्यापार पर काम करने वाली संस्था, आवाज के छतरपुर जिला समन्वयक शिवम तिवारी को आज वल्लभ भवन, भोपाल में ÷असली हीरो÷ सम्मान से सम्मानित किया। ज्ञात हो कि श्री तिवारी को यह सम्मान उनके द्वारा एक नाबालिग के मानव दुर्व्यापार के प्रकरण में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदान किया गया है7 श्री तिवारी को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है7 गौर करने लायक है कि मध्यप्रदेश पुलिस की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा प्रदेश के अलग-अलग जिलों से महिला सुरक्षा एवं अपराध की रोकथाम के लिए छतरपुर, मुरैना, दमोह, इंदौर एवं बडवानी जिलों से कुल 10 साहसिक व्यक्तियों को इस सम्मान के लिए चुना है7

शिवम तिवारी ने जिस प्रकरण में साहसिक काम किया वह निम्न प्रकार से है7 विगत वर्ष -2022 अप्रैल माह में उड़ीसा के संबलपुर जिले की 14 वर्षीय बालिका को उसकी सगी मामी और उसकी सहेली ने मिलकर अच्छी शिक्षा व घरेलू काम दिलाने का वादा कर मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में जटाशंकर धाम के पास एक गांव में ले आए। इसके बाद बिचौलियों की मदद से स्थानीय व्यक्ति को बाल विवाह के लिए 70 हजार रूपये में बेच दिया। यहाँ से बालिका किसी तरह भाग कर छतरपुर पहुंची। तभी कुछ जागरूक लोगों ने शिवम तिवारी को फोन करके बच्ची के बारे में जानकारी दी। शिवम तिवारी की पहल से लोगों ने चाइल्ड लाइन को सूचना देकर बच्ची को बाल कल्याण समिति ( बाकस ) के पास पहुंचा दिया7 चाइल्ड लाइन ने बाकस के माध्यम से बच्ची के पुनर्वास के प्रयास किये7 इस मामले में 4 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई7 श्री तिवारी ने इस प्रकरण में बालिका को सकुशल घर पहुंचाने की व्यवस्था की और अभी भी बालिका के सम्पर्क में है और उसके पुनर्वास हेतु प्रयास कर रहे हैं7

ज्ञात हो कि आवाज जनकल्याण समिति ( भोपाल ) विगत एक दशक से बाल दुर्व्यापार, बाल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण व युवाओ के साथ कौशल उन्नयन के लिए लगातार कार्य कर रही है। संस्था द्वारा मध्यप्रदेश के छः जिलों छतरपुर, सागर, बैतूल, कटनी, मंडला और बालाघाट जिले में बाल तस्करी की रोकथाम के लिए सघनता से कार्य किया जा रहा है। संस्था द्वारा पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विभाग व अन्य हितधारकों के प्रशिक्षण के अलावा जमीनी स्तर पर भी आमजन को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

## कर्बला पुल के ऊपर से बह रहा पानी, बारिश में हुए हादसों के बाद से भी प्रशासन ने नहीं लिया सबक



सीहोर। सीहोर के कर्बला पुल के ऊपर से पानी बह रहा है और वहां अभी तक प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की रेलिंग नहीं लगाई गई है जिसके कारण हादसों और दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार सीहोर शहर में 7 नदी पर बना कर्बला पुल ऊंचाई में काफी कम है जिसके कारण यहां कुछ माह पहले अलग-अलग घटनाओं में बारिश के दौरान 3 लोगों की बहने के कारण मौत हो गई थी इतनी बड़ी घटना के बाद भी प्रशासन ने किसी भी प्रकार का ध्यान इस पुल की तरफ नहीं दिया है और महीनों बीत जाने के बाद भी कर्बला पुलं के ऊपर रेलिंग नहीं लगाई जा सकती है अभी बारिश का मौसम नहीं है इसके बाद भी कर्बला पुल की ऊंचाई कम होने के कारण नदी का पानी पुल के ऊपर बह रहा है जिससे पुल पर बनी सड़क पर लगातार फिसलन जैसी स्थिति निर्मित हो रही है प्रशासन द्वारा इस कर्बला पुल पर रेलिंग नहीं लगाई जाने से अभी भी दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है।

बताया गया है कि प्रशासन ने इस कर्बला पुल पर नया पुल बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है लेकिन अभी तक नए पुल बनने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है ऐसे में पुल के ऊपर बह रहा पानी कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।

**शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय**
**आयुष परिसर, कालिया सोत डेम के किनारे, चूना भट्टी भोपाल**
क्रमांक / स्टोर-क्रय / कैंटीन / 23/1031-32 भोपाल, दिनॉकः 24.01.23
**विज्ञप्ति**
शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को सुविधा प्रदान करने के लिये भोजन एवं स्वल्पाहार व्यवस्था हेतु कैंटीन के संचालन हेतु ( तृतीय बार ) प्रस्ताव बंद लिफाफे में दिनांक 13/02/2023 को अपरान्ह 04.00 बजे तक आमंत्रित हैं, इस हेतु दिनॉक 13/02/2023 तक कार्यालय समयावधि में अपरान्ह 04.00 बजे के पूर्व तक नविदा नियम एवं शर्ते महाविद्यालय से रूपये एक हजार मात्र जमा कर प्राप्त की जा सकती हैं, निविदा दिनॉक 13/02/2023 को अपरान्ह 04.30 बजे खोली जायेगी । तद्समय निविदादाता स्वयं उपस्थित रह सकते हैं अंकित नियम व शर्ते मान्य व बन्धनकारी होंगी एवं निविदा में प्राप्त दरों में न्यूनतम दर वाले निविदा दाता को कैंटीन संचालन की अनुमति दी जा सकेगी । निविदा के सम्बन्ध में आयुक्त भोपाल, संभाग भोपाल सह अध्यक्ष स्वशासी कार्यकारिणी परिषद् का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा ।
इस विज्ञप्ति का प्रकाशन महाविद्यालय की बेवसाइट www. ghmcbhopalayush.in पर भी प्रकाशित की जा रही है ।
**प्रधानाचार्य एवं सी.ई.ओ.**
**शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, मध्य**
जी-22439/22

# रॉयल इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के रूप में मिला नवीन नर्सिंग महाविद्यालय

रतलाम। रॉयल गुप आफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा रॉयल इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के नाम से नवीन नर्सिंग महाविद्यालय वर्तमान सत् 2022-23 से प्रारम्भ किया जा रहा है, जिसमें वर्तमान सत् से विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए रॉयल गुप आफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमेन प्रमोद गुगालिया ने प्रेसवार्ता में बताया कि, उनकी संस्था वर्ष 1996 से उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के महाविद्यालयों का संचालन कर रही है। संस्था द्वारा कुछ माह पहले, रॉयल केम्पस में सर्वसुविधायुक्त रॉयल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर को रॉयल केम्पस में प्रारम्भ किया गया है और अब संस्था ने चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में पदार्पण किया है।

श्री गुगालिया ने बताया कि, 60 बीधा क्षेत्रफल में स्थापित रॉयल ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन्स, रतलाम जिले का सबसे भव्य एवं बड़ा शिक्षा परिसर है, जहॉ संस्था द्वारा कई अशासकीय महाविद्यालयों का संचालन किया जा रहा हैं। संस्था के महाविद्यालयों में फार्मेसी, मेनेजमेंट, टीचर्स एजुकेशन, विज्ञान, जीवविज्ञान, कम्प्यूटर एवं कॉमर्स के स्नातकोत्तर/स्नातक/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन पिछले 27 वर्षो से किया जा रहा है तथा संस्था के अंतर्गत महाविद्यालयों में लगभग 2200 विद्यार्थिगण अध्ययनरत् है। वर्तमान में संस्था के महाविद्यालयों में बी.फार्मेसी, डी.फार्मेसी, एम.बी.ए., बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एड., डी.एड., जी.एन.एम. नर्सिंग, बी.एससी. (माईक्रोबायोलॉजी, बायोटेक, फार्माकेमेस्ट्री, कम्प्यूटर साईस), बी.काम. (कम्प्यूटर, टेक्स प्रोसीजर, सामान्य) आदि कार्सेस संचालित किये जा रहे है।

श्री गुगालिया ने यह भी जानकारी दी कि, सत् 2023-24 से कई अन्य चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रमों को, संस्था द्वारा प्रारम्भ किया जायेगा। पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुये संस्था के डायरेक्टर डॉ. उबेद अफजल ने बताया कि, रॉयल इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग में जी.एन.एम. (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) कोर्स, इस सत् से प्रारम्भ किया जा रहा है। कोर्स की अवधि 3 वर्षो की है तथा जी.एन.एम. कोर्स पूरा करने के बाद विद्यार्थियों को 6 महीने के लिये इंटर्नशिप भी करना होगी। जी.एन.एम. कोर्स में 45 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा तथा इस कोर्स में प्रवेश की आयु सीमा 17 से 30 वर्ष तक रहेगी।

डॉ. अफजल ने नए शुरू हुए नर्सिंग कोर्स की जानकारी देते हुए बताया कि, मानवता की सेवा के लिए नर्सिंग के जॉब को सबसे बेहतर माना जाता है, अगर व्यक्ति में सेवाभाव, सहनशीलता और समर्पण जैसे गुणों के साथ रोगियों की सेवा करने का जुनून है तो, नर्सिंग कोर्स बेस्ट केरियर का विकल्प है। डॉ. अफजल ने यह भी बताया कि, जी.एन.एम. कोर्स रोजगारोंन्मूखी कोर्स है तथा इस कोर्स को पूर्ण करने के बाद सरकारी/निजी अस्पतालों, चिकित्सा महाविद्यालयों, नर्सिंग होम, अनाथ आश्रम, वृद्धाश्रम, आरोग्य निवास, विद्यालयों, उद्योगों, रक्षा सेवाओं में सीधे रोजगार के अवसर मिलते है। इसके साथ रेड क्रास सोसायटी, इंडियन/स्टेट नर्सेस काउंसिल में भी रोजगार के अवसर मिलते है, साथ ही देश में लाखों की संख्या में स्थापित प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर भी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवक के रूप में रोजगार के अवसर प्राप्त होते है।

प्रेसवार्ता में संस्था चेयरमेन प्रमोद गुगालिया, डायरेक्टर डॉ. उबेद अफजल, समाजसेवी खुर्शीद अनवर, समाजसेवी ओम अग्रवाल, जयन्त बोहरा एवं रॉयल इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के प्राचार्य जगदीश डुके भी मंचासीन रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**जोन क्रं.17 (सरदार भगत सिंह) हा. बोर्ड कालोनी करोंद भोपाल**
**राजस्व भूखण्ड का लीज नवीनीकरण एवं पारिवारिक नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र. 17 के वार्ड क्र. 76 में यांत्रिक कॉलोनी कोल एण्ड टिम्बर मार्केट छोला भोपाल स्थित भूखण्ड क्र. 167 का लीज नवीनीकरण एवं पारिवारिक नामांतरण सूचना किया जाना है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड एवं स्थान | आकार | सम्पत्तिकर आई.डी./लीज आई.डी. | नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अ. रफीक आत्मज अ. एहमद | भूखण्ड क्र. 167 यांत्रिक कॉलोनी कोल एण्ड टिम्बर मार्केट छोला भोपाल | 20 × 50 = 1000 वर्ग फिट | 3000000447 | 1. ओम प्रकाश आत्मज तुलसी राम 2. सुरेश आत्मज तुलसी राम | भूखण्ड स्वामी की मूल नस्ती कार्यालय के रिकार्ड में उपलब्ध नही है शासन आदेशानुसार सहायक नस्ती का निर्माण किया जाना है लीज नवीनीकरण एंव नामांतारण किया जाना है। |

उपरोक्त भूखण्ड के नवीनीकरण पर किसी भी व्यक्ति / बैंक/ संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र. 17 वार्ड - 76 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नही है और प्रकरण में विधिवत लीज़ नवीनीकरण हेतु कार्यवाही की जावेगी ।
सू.क्रं. 1472/022/023
**जोनक अधिकारी**
**जोन क्रं. 17,नगर निगम, भोपाल**

## एसबीआई लाइफ ने अपने SapnaHaiTohPooraKaro एकीकृत अभियान के जरिए देश भर के उपभोक्ताओं से 'जिम्मेदारीपूर्ण आकांक्षा' की अपील की

**भोपाल।** यह अभियान मौजूदा जिम्मेदारी को संतुलित करते हुए व्यक्ति की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के महत्व पर जोर देता है भोपाल। पिछले कुछ वर्षों से, जिस तरह से लोग अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का ख्याल रखने के साथ-साथ अपने सपनों को पूरा करने पर भी प्रमुखता से जोर दे रहे हैं, इसमें उल्लेखनीय सांस्कृतिक बदलाव आया है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक ने अपने नवीनतम SapnaHaiTohPooraKaro एकीकृत अभियान के माध्यम से मौजूदा और बदलती पारिवारिक जिम्मेदारियों का ख्याल रखते हुए व्यक्ति के सपनों को पूरा करने के महत्व पर जोर देता है। नए अभियान के माध्यम से, कंपनी उन लोगों को प्रदर्शित करके जिम्मेदारीपूर्ण महत्वाकांक्षा की मानसिकता के लिए अपील करती है, जिन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के साथ-साथ अपने जुनून को आगे बढ़ाने की अपनी दृढ़ इच्छा के साथ अपने फलक का विस्तार किया है।

## महिला सम्मान बचत-पत्र में लगाएं पैसा, मिलेगा सबसे ज्यादा ब्याज

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट-2023 में नई शुरुआत करते हुए महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत पत्र की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि महिलाएं 2 साल यानी मार्च 2025 तक के लिए इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। दरअसल, इस स्कीम के तहत महिलाएं 2 लाख रुपए तक का महिला सम्मान बचत पत्र खरीद सकती हैं।

**सबसे ज्यादा ब्याज देने वाला सरकारी बचत पत्र-** इस स्कीम में निवेश को महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा फायदे का सौदा माना जा रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि, ये बचत पत्र बैंक जारी करेंगे या फिर पोस्ट ऑफिस अथवा किसी और माध्यम से मिलेंगे।

**पोस्ट ऑफिस का राष्ट्रीय बचत पत्र पर 6.8 प्रतिशत ब्याज-** राष्ट्रीय बचत पत्र पोस्ट ऑफिस से खरीदा जाता है जिसे लोग टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट के तौर पर देखते हैं। हालांकि, इसमें एकमुश्त फायदा और रिस्क कम है, लेकिन महज 2 साल के लिए महिलाओं को इससे बेहतर स्कीम का विकल्प है तो क्यों न उसी में निवेश किया जाए।

**किसान विकास पत्र की अपनी सीमाएं, बड़ी अवधि, ब्याज कम-** पोस्ट ऑफिस के जरिए सरकार किसान विकास पत्र (केवीपी) योजना चलाती है। इसकी अवधि 124 महीने यानी 10 साल 4 महीने है। अगर आपने इस स्कीम में 1 अप्रैल 2012 से 30 जुलाई 2022 तक इन्वेस्ट किया है, तो आपकी तरफ से जमा की गई एकमुश्त रकम 10 साल और 4 महीने में दोगुनी हो जाती है। हालांकि, किसान विकास पत्र पर अब आपको 7.2 फीसदी का सालाना ब्याज मिलेगा। जो कि पहले इससे 0.3 फीसदी कम था।

## प्राइवेट नौकरी करने वालों की बल्ले-बल्ले, 25 लाख रुपये तक की रकम पर मिलेगा तगड़ा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपने बजट भाषण में प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लीव इनकैशमेंट में राहत देने की कोशिश की है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से कहा गया कि गैर-सरकारी वेतनभोगी कर्मचारियों को लीव इनकैशमेंट में टैक्स छूट का फायदा 3 लाख रुपये से बढ़ा दिया गया है.

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2023 पेश कर दिया है. इस बार के बजट में तकनीकी, इनोवेशन, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की गई है. इसके साथ ही इस बजट में लगभग हर वर्ग के लोगों को राहत देने की कोशिश की गई है. वहीं प्राइवेट नौकरी करने वालों के लिए सरकार ने इस बार बजट में सौगात दी है.

**लीव इनकैशमेंट-** अपने बजट भाषण में प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लीव इनकैशमेंट में राहत देने की कोशिश की है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से कहा गया कि गैर-सरकारी वेतनभोगी कर्मचारियों को लीव इनकैशमेंट में टैक्स छूट का फायदा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया है.

**टैक्स-** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस ऐलान का मतलब है कि अब लीव इनकैशमेंट में टैक्स छूट की सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी है. लीव इनकैशमेंट से जो रकम मिलती है उसे सैलरी का हिस्सा ही माना जाता है और सरकार इस पर टैक्स लगाती है. हालांकि अब 25 लाख रुपये तक के लीव इनकैशमेंट पर प्राइवेट नौकरी वालों को कोई टैक्स नहीं देना होगा.

## वाहन कंपनियों की थोक बिक्री ने जनवरी में पकड़ी रफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी, हुंदै और टाटा मोटर्स जैसी प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनियों की थोक बिक्री में जनवरी में उछाल दर्ज किया गया है। सेमीकंडक्टर की उपलब्धता सुधरने और मांग बेहतर रहने से अधिकतर वाहन कंपनियों ने अच्छी बिक्री दर्ज की।

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की कुल थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 1,72,535 इकाई रही। एक साल पहले जनवरी, 2022 में कंपनी ने कुल 1,54,379 वाहनों की बिक्री की थी।

इस दौरान घरेलू बाजार में मारुति की कुल यात्री वाहनों की बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 1,55,142 इकाई हो गयी।

एमएसआई के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि अब भी सेमीकंडक्टर आपूर्ति की कमी उत्पादन में बाधा बनी हुई है लिहाजा थोक बिक्री के साथ-साथ खुदरा बिक्री पर भी असर बना हुआ है।

इसी तरह, हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की कुल बिक्री भी पिछले महीने 16.6 प्रतिशत बढ़कर 62,276 इकाई रही। एक साल पहले इसी महीने में इसने 53,427 वाहन बेचे थे। इस दौरान कंपनी की घरेलू बिक्री भी 44,022 इकाई से बढ़कर 50,106 इकाई रही। एचएमआईएल के निदेशक (बिक्री, विपणन और सेवा) तरुण गर्ग ने कहा, ''हमने कैलेंडर वर्ष 2023 के पहले महीने में दहाई अंक में वृद्धि दर्ज की है। हमारी एसयूवी - टूसों, क्रेटा, वेन्यू, अल्कजार और कोना ने पिछले महीने 27,532 इकाइयों की बिक्री के साथ संबंधित क्षेत्रों में मजबूत बिक्री की रफ्तार को बनाए रखा।'' वहीं एक अन्य वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स की जनवरी के दौरान कुल बिक्री 6.4 प्रतिशत बढ़कर 81,069 इकाई हो गयी।

# चीन और यूएस से कहीं ज्यादा अन्य देशों के साथ व्यापार से मिलती है भारतीय अर्थव्यवस्था को उड़ान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत के चीन, यूरोप, यूएस सहित कई देशों के साथ व्यापारिक रिश्ते रहे हैं। वित्त वर्ष 2022 की बात करें तो भारत का व्यापार जीडीपी अनुपात 45 फीसदी से अधिक था। यह अमेरिका और चीन दोनों की तुलना में ज्यादा था। पूर्व उदारीकरण युग में, भारत विश्व अर्थव्यवस्था के साथ कम एकीकृत था, जिसने इसे वैश्विक वित्तीय संकटों के प्रति कम संवेदनशील बना दिया। हालांकि, यह हाल के वर्षों में बदल गया है। वैश्वीकरण की डिग्री जर्मनी और फ्रांस जैसी बड़ी यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है। इसमें मुख्य रूप से यूरोपीय संघ के एकीकृत व्यापार शासन की वजह से अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं के लिए सबसे बड़ा व्यापार भागीदार होने के बावजूद, चीन और हमारे पास विशाल घरेलू बाजार भी हैं जो वैश्विक झटके के जोखिम को कम करते हैं। दुनिया के देशों के साथ व्यापारिक रिश्तों की वजह से ही भारतीय अर्थव्यवस्था को उड़ान मिल रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। भारत का व्यापार दुनिया के कई देशों के साथ लगातार बढ़ रहा है। आइए आपको बताते हैं बीते वर्षों में भारत का दुनिया के



कौन-कौन से देशों के साथ व्यापार रहा है।

**इन देशों के साथ है भारत के व्यापारिक रिश्ते-** भारत का चीन और यूएस के साथ साउथ अफ्रिका, ब्राजील, इंडोनेशिया, जर्मनी, कनाडा, फ्रांस, आस्ट्रेलिया आदि देशों के साथ भी अच्छे व्यापारिक रिश्ते रहे हैं। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं यूएस और चाइना का जीडीपी ट्रेड रेशियो कम हुआ है। चाइना की बात करें तो इसका जीडीपी ट्रेड रेशियो 50 फीसदी से कम होकर 37 फीसदी पर पहुंच गया है। वहीं अगर यूएस की बात करें तो इसका जीडीपी ट्रेड रेशियो 30 फीसदी से गिरकर 25 फीसदी पर पहुंच गया है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रेड एस ए शेयर ऑफ जीडीपी की बात करें तो इसमें साल 2011 में साउथ अफ्रीका का जीडीपी ट्रेड रेशियो 54.6 फीसदी था। ब्राजील का 23.9, इंडोनेशिया का 50.2 और चाइना का 50.7 फीसदी का था। वहीं साल 2021 की बात करें तो साउथ अफ्रीका का 56.2 फीसदी, इंडिया का 45.3 फीसदी, इंडोनेशिया का 40.4 फीसदी, ब्राजील का 39.2 और चाइना का 37.5 फीसदी रहा है।

**तेजी से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था-** भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। कोरोना काल में दुनिया के सभी देशों की अर्थव्यवस्था में गिरावट देखने को मिली थी। इस दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में भी गिरावट आई थी। हालांकि कोरोना काल खत्म होने के बाद जब कंपनियां दोबारा खुलीं तो इसमें सुधार देखने को मिला। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया के बाकी देशों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ी है। दुनिया के कई अर्थशास्त्रीयों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की तारीफ की है। भारतीय अर्थव्यवस्था में अगर इसी तरह की तेजी बनी रही तो आने वाले कुछ वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के टॉप देशों की अर्थव्यवस्था के बराबर पहुंच सकती है।

## आरबीआई ने बैंकों से मांगा अदाणी समूह के कर्ज-निवेश का ब्योरा, हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद आया आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के बैंकों से अदाणी समूह में उनके एक्पोजर की जानकारी मांगी है। सरकार और बैंकिंग क्षेत्र के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि केंद्रीय बैंक ने विभिन्न घरेलू बैंकों से अदाणी समूह में उनके निवेश और ऋणों के के बारे में जानकारी देने को कहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह कदम वर्तमान में जारी अदाणी समूह के शेयरों में उठा-पटक के बाद लिया है। बीते दिन ही अदाणी समूह ने अपना एफपीओ वापस ले लिया था। गुरुवार की सुबह शेयर बाजार खुलने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक विभिन्न बैंकों से अदाणी समूह में उनकी ओर से दिए गए ऋण व निवेश की जानकारी लेकर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि अदाणी के शेयरों में ताजा उठा-पटक के माहौल के बीच बैंकों की वित्तीय स्थिति ठीक बनी रहे। बता दें कि अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच अदाणी समूह ने अपना एफपीओ भी वापस लेने का फैसला भी कर दिया है।




### एफपीओ वापसी के बाद अंबुजा-एसीसी पर अदाणी समूह का बयान, बोले- कोई शेयर गिरवी नहीं रखे

एफपीओ को वापस लेने और कंपनी के शेयरों की कीमतों में भारी उठा-पटक के बीच अदाणी समूह ने कहा है कि हमें विभिन्न स्त्रोतों से कुछ रिपोर्ट मिली हैं। इनमें दावा किया गया है कि हमारी सहायक कंपनियों अंबुजा और एसीसी के अधिग्रहण वित्तपोषण के हिस्से के रूप में प्रमोटरों ने शेयर गिरवी रखे गए हैं। अदाणी समूह ने कहा है कि बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच ये अफवाहें उड़ायीं जा रही हैं। अदाणी समूह ने कहा है कि जहां बिकवाली का दबाव है, वहां टॉप-अप ट्रिगर्स को पूरा करने की आवश्यकता है। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि अंबुजा या एसीसी का कोई भी शेयर प्रमोटरों की ओर से गिरवी नहीं रखा गया है। समूह ने कहा है कि कंपनी के प्रमोटरों ने केवल नन डिस्पोजल अंडरटेकिंग प्रदान किया है और उसके अनुसार पिछले साल उठाए गए अधिग्रहण वित्तपोषण के तहत अंबुजा और एसीसी के शेयरों का कोई टॉप-अप या कैश टॉप-अप उपलब्ध कराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

बस 5 साल और... फिर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी होगा भारत

## दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है भारत

- पांच साल में दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी बनेगा देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जानेमाने अर्थशास्त्री अरविंद पनगड़िया ने कहा है कि भारत हाई ग्रोथ के रास्ते पर लौटने को तैयार है। उन्होंने भरोसा जताया कि देश 2027-28 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पनगड़िया ने कहा कि मौजूदा समय में भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा, बस और पांच साल की बात है, 2023 तो चल ही रहा है। 2027-28 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में आम बजट पेश किया है।




इसमें कहा गया है कि 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद की ग्रोथ 6.5 फीसदी रहेगी।

पनगड़िया ने कहा कि आर्थिक समीक्षा से जो बात निकल कर सामने आई है, उससे कहीं अधिक मजबूत अर्थव्यवस्था के बारे में पता चलता है। यह उस अर्थव्यवस्था से और मजबूत होगी जो आज 6.5 फीसदी की दर से वृद्धि कर रही है।

**मिल जाएगी 7 प्रतिशत की ग्रोथ रेट-** पनगड़िया ने कहा, आज भारत जिस स्थिति में है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि यह सात फीसदी से अधिक की वृद्धि दर तक पहुंच जाएगा। अर्थशास्त्री ने यह भी कहा कि भारत आज जिस जगह खड़ा है, वह 2003 के समान है, जब वृद्धि दर आठ फीसदी के निकट पहुंच गई थी। फिर देश ने कई वर्षों तक उसी दर से वृद्धि जारी रखी थी।

**बैंकों और कंपनियों की बैलेंस शीट मजबूत-** पनगड़िया ने कहा कि उच्च वृद्धि को लेकर उनके अनुमान का आधार वे सुधार है जो कोविड महामारी के दौरान किए गए और साथ ही अर्थव्यवस्था की कमजोरियों को दूर किया गया। उन्होंने कहा कि बैंकों और कॉरपोरेट जगत के बहीखाते अब काफी मजबूत हैं।

## बजट के बाद सोना ऑलटाइम हाई, 700 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बजट के बाद गुरुवार को गोल्ड (सोना) 700 रुपए की तेजी के बाद ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, सोना 779 रुपए की तेजी के बाद 58 हजार 689 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। इससे पहले बुधवार को सोना 57 हजार 910 रुपए पर बंद हुआ था। उधर चांदी की बात करें तो इसकी कीमत में भी आज शानदार तेजी देखने को मिली। सर्राफा बाजार में ये 1,805 रुपए महंगी होकर 71 हजार 250 रुपए प्रति किग्रा पर पहुंच गई है। 1 फरवरी को ये 69 हजार 445 हजार पर थी।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को बजट में सोने और इमिटेशन ज्वेलरी पर सीमा शुल्क 20 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत, चांदी पर 7.5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत करने का ऐलान किया था। इसके बाद ही भारतीय बाजार में सोने के दाम बढ़ने लगे।

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, केंद्रीय बैंकों की तरफ सोने की खरीदारी बढ़ना सकारात्मक संकेत है। इससे सोने की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। अजय केडिया ने कहा कि 2023 में सोना 64,000 रुपए तक पहुंच सकता है।

**बीते एक साल में 20 प्रतिशत महंगा हुआ सोना-** आज से एक साल पहले यानी 1 फरवरी 2022 को 48 हजार 8 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब पर 58 हजार 689 रुपए पर पहुंच गया है। यानी बीते 1 साल में इसकी कीमत में 10,681 रुपए (20 प्रतिशत) की तेजी आई है।

## कोक स्टुडियो इंडिया मना रहा है भारत की नई आवाज़ का जश्न




मुंबई, एजेंसी। दुनिया भर में कोक स्टुडियो को मिली ज़बरदस्त सफलता के बाद कोका-कोला ने आज मुंबई में 'कोक स्टुडियो इंडिया' के लॉन्च की घोषणा की। इस सीज़न में देश भर से 50 से अधिक कलाकार हिस्सा ले रहे हैं जो 10 से अधिक यादगार टैऊक्स बनाने के लिए एक मंच पर इकट्ठा हुए हैं।

भारतीय संगीत उद्योग बदलाव के दौर से गुज़र रहा है और जनरेशन ज़ी यानि आज की युवा पीढ़ी इस बदलाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज के युवा खुलकर अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति करना चाहते हैं, और संगीत की बात करें तो अनूठे, विविधएवं अर्थपूर्ण संगीत के विभिन्न रूपों को अपने प्रमाणिक रूप में पसंद करते हैं। कोक स्टुडियो के इस सीज़न में भारत के दूर-दराज के इलाकों से उभरते कलाकार एवं अनुभवी कलाकार एकजुट हुए हैं, जो टैऊक्स को अपनी अनूठी आवाज़ देंगे।

कोक स्टुडियो इंडियाः 'अपना सुनाओ, इन प्रतिभाशाली कलाकारों को ऐसा मंच प्रदान करेगा, जिसके माध्यम से उन्हें भारत की कहानी सुनाने का अवसर मिलेगा, जो अपनी सांस्कृतिक जड़ों को बरक़रार रखते हुए संगीत के नए रूप को अपना रहा है। यह मंच देश के विभिन्न हिस्सों के कलाकारों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका देगा जो विविध भाषाओं, विभिन्न संगीत उपकरणों के माध्यम से देश की समृद्ध इतिहास की कहानी बयां करेंगे और अपनी जादुई धुनों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे।

आज भारतीय कलाकार गर्व के साथ अपनी कहानी सुनाते हैं, जो न सिर्फप्रमाणिक एवं सही मायनों में उनके क्षेत्र से ताल्लुक रखती है, बल्कि दुनिया भर के प्रशंसकों द्वारा सराही भी जाती है। 'अपना सुनाओ' नव भारत की इसी भावना का जश्न मनाता है और अभिव्यक्ति की स्वतन्त्र आज़ादी एवं इसके मूल रूप पर आधारित है। अर्णब रॉय, वाईस प्रेज़ीडेन्ट, मार्केटिंग कोका-कोला इंडिया एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया ने कहा, ''कोक स्टुडियो दुनिया भर में सराहा जाने वाला एक मंच है जो हमेशा से प्रमाणित क्षेत्रीय संगीत को प्रोत्साहित करता है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों से संगीत की परम्पराएं न सिर्फभारतीय बल्कि दुनिया भर के दर्शकों को लुभाती हैं। कोक स्टुडियो इंडिया देश के विभिन्न हिस्सों की संस्कृति को कलाकारों के साथ जोड़ता है, जिनका संगीत उनकी अपनी जड़ों द्वारा परिभाषित होता है। वे इस सीज़न के असली सितारे हैं जो क्षेत्रीय संगीत पर विशेष रूप से ज़ोर देते हैं।''

## दो नए शोज़ 'लग जा गले' और 'मैत्री' के साथ अपने शुरुआती प्री-प्राइमटाइम को मजबूत करने जा रहा है ज़ी टीवी

**मुंबई, एजेंसी।** ज़ी टीवी अपने प्री-प्राइमटाइम स्लॉट्स को मजबूत बनाने के लिए अब पूरे हफ्ते अपने फिक्शन शोज़ का प्रसारण करेगा ताकि दर्शक हर रोज अपने चहेते किरदारों से मिल सकें! इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए ज़ी टीवी अब दो नए शोज़ - लग जा गले और मैत्री पेश करने जा रहा है। सोल प्रोडक्शन्स और संदीप फिल्म्स के निर्माण में बना 'लग जा गले', शिव और ईशानी की अनोखी जोड़ी की कहानी है, जो अपने परिवारों की खातिर बड़ी विचित्र परिस्थितियों में एक होते हैं। दूसरी ओर, सनशाइन प्रोडक्शन्स के निर्माण में बना 'मैत्री' दो सहेलियों - मैत्री और नंदिनी का रोमांचक और नाटकीय सफर दिखाता है, जहां दोनों एक दूसरे को दिल से बहन मानती हैं। मगर किस्मत के एक मोड़ पर उनकी बचपन की दोस्ती में दरार पड़ जाती है! 7 फरवरी को प्रीमियर होने जा रहे 'लग जा गले' और 'मैत्री' पूरे हफ्ते क्रमशः शाम 6.30 बजे और शाम 7 बजे, प्रसारित किए जाएंगे। दिल्ली की पृष्ठभूमि में रचा बसा 'लग जा गले' अपने दम पर सफल हुए एक अमीर पंजाबी लड़के शिव धूपर (नमिक पॉल) और एक मेहनती महाराष्ट्रियन लड़की ईशानी (तनिशा मेहता) की कहानी है, जो अपने मध्यमवर्गीय परिवार में अकेली कमाने वाली है और बहुत-से काम करती है। देखने में तो दोनों एक दूसरे से अलग नजर आते हैं, लेकिन उन दोनों में एक बात समान है।



# जो खिलाड़ी मैदान में पसीना बहाता है वही टीम को जीत दिलाता हैः आकाश सिंह राजपूत

### सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ में पांचो मंडलो में हुये 22 मैच जिसमें 44 टीमों ने लिया हिस्सा

**सागर।** क्रिकेट में जो खिलाड़ी मैदान पर ईमानदारी से मेहनत करता है और पसीना बहाता है वही खिलाड़ी टीम को जीत दिलाता है हमारी सुरखी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे क्रिकेट महाकुंभ में हर खिलाड़ी मेहनत करके अपनी टीम को जीत दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। हार जीत एक सिक्के के दो पहलु है जिससे हमें मायुस नहीं होना है बस मेहनत करनी है सफलता हमें जरूर मिलेगी यह बात आकाश सिंह राजपूत ने मंत्री ट्राफी क्रिकेट महाकुंभ के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये कही। गुरूवार को पांचो मंडलो में 44 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें पांचो मंडलो में 10-10 ओवर के मैच खेले गये। सीहोरा 4 मैच, जैसीनगर में 5 मैच, राहतगढ़ में 7 मैच एवं सुरखी, बिलहरा में 3-3 मैच हुये। गौरतलब है कि मंत्री ट्राफी क्रिकेट महाकुंभ में अबतक 334 मैच खेले जा चुके हैं जिसमें सुरखी में ग्रामीण का सेमीफाईनल आयोजित किया गया वहीं दूसरी ओर सीहोरा में श्रंखला का तीसरा राऊंड, जैसीनगर में दूसरा राऊंड, राहतगढ़ में पहला राऊंड चल रहा है। बिलहरा में प्री क्वाटर के मैच खेले जा रहे हैं।



गुरूवार को सुरखी के पहले मैच में टीम मित्रता क्रिकेट क्लब ने टीम जय महाकाल क्रिकेट क्लब को हराया 111 रन बनाकर शिवकांत गर्ग प्लेयर ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में टीम किंग्स11 क्रिकेट क्लब ने टीम उमरारी क्रिकेट क्लब को हराया प्लेयर ऑफ द मैच हनुमत रहे। तीसरे मैच में टीम मोकलपुर क्रिकेट क्लब ने टीम बंसिया क्रिकेट क्लब को हराया 2 आवेर में 4 विकेट लेकर रोहित प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

बिलहरा के पहले मैच में टीम सहजपुरीखुर्द ग्रामीण क्रिकेट क्लब ने टीम अगरा क्रिकेट क्लब ग्रामीण को हराया प्लेयर ऑफ द मैच विराट रहे। दूसरे मैच में टीम सींगना11 शहरी ने टीम सुपर किंग टेकापार को हराया प्लेयर ऑफ द मैच वीरेन्द्र रहे। तीसरे मैच में टीम महुआखेड़ा एकता क्लब ने टीम खेजरा11 ग्रामीण को हराया प्लेयर ऑफ द मैच धर्मेन्द्र 3 विकेट लेकर रहे।

जैसीनगर के पहले मैच में टीम मिडवासा सीसी ने टीम ताजपुर क्रिकेट क्लब को हराया प्लेयर ऑफ द मैच 4 विकेट लेकर कलू रहे। दूसरे मैच में टीम धाकड़ क्रिकेट क्लब ने टीम जय मां ज्वाला अगरिया क्रिकेट क्लब को हराया गोलू पटैल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। तीसरे मैच में टीम तालचिरी क्रिकेट क्लब ने टीम घोषी11 जमुनिया को हराया प्लेयर ऑफ द मैच पुष्पेन्द्र रहे। चौथे मैच में टीम बेरखेड़ी पंचायत क्रिकेट क्लब ने टीम हाईलाईट11 क्रिकेट क्लब को हराया लकी चंचल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पांचवे मैच में टीम देवलचैरी क्रिकेट क्लब ने टीम रॉयल किंग जैसीनगर हो हराया भरत प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा मोहखेड़ मंडल कार्यकारिणी घोषित

**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, भाजपा मोहखेड़ मंडल अध्यक्ष सदन साहू एवं भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा मोहखेड़ मंडल अध्यक्ष श्रीमती श्रीमती आशाताई खंडागडे ने महिला मोर्चा मोहखेड़ मंडल की कार्यकारिणी घोषित की जिसमें उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति मेश्राम, श्रीमती कल्पना नागवंशी, श्रीमती नलिनी घोरसे, श्रीमती सविता धुर्वे, महामंत्री श्रीमती रूखमनी डिगरसे, श्रीमती रश्मि साहू, मंत्री श्रीमती कंचन लोखंडे, श्रीमति नीलिमा पटेल, श्रीमती रंजना भोजने, श्रीमती सपना फरकारे, कोषाध्यक्ष श्रीमती ममता डोबले, संरक्षक श्रीमति ललिता घोंघे, श्रीमति ममता साहू, मंडल कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती शीला धुर्वे, श्रीमती रेशमी गिरारे, श्रीमति रेखा डिगरसे, श्रीमति दीपिका खौसी, श्रीमति सरिता कड़वे, श्रीमती विनीता लोखंडे, श्रीमति लता सुकदेव साहू, श्रीमति संगीता दरवईकर, श्रीमति स्मिता मारेश्वर डोंगरे, श्रीमति दुर्गा शंकर डोंगरे, श्रीमति विनित धनाराम रत्ने नियुक्त हुए है । नियुक्ति पर भाजपा एवं मोर्चा के नेताओं, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की ।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग में हुई नियुक्तियां

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ व सांसद श्री नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग में नवनियुक्तियां की गई है ।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे की अनुशंसा के उपरांत जिला अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष गुरुचरण खरे के द्वारा नियुक्तियां की गई। गुरुचरण खरे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार विभाग की बैठक के उपरांत चौरई, चांद व जिले में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों में चौरई ब्लॉक में कांग्रेस एससी विभाग अध्यक्ष संतकुमार बेलवंशी, नगर अध्यक्ष अनिल बेलवंशी, सांख क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्दोष गोहिया, कपुर्दा आनन्द डेहरिया, बाम्हणवाड़ा सुरेश डेहरिया, रामगढ धर्मेन्द्र डेहरिया, पलटवाड़ा सुनील डेहरिया, सिहोरामाल महेन्द्र डेहरिया, चांद नगर अध्यक्ष सुरेश पाटिल, पांजरा क्षेत्रीय अध्यक्ष सरमन बरमैया, बादगांव वीरेश्वर मानिकदिवे, लोनीबर्रा मनोज डेहरिया, परसगांव सुनील डेहरिया, गूमगांव हरीश टांडेकर, बीझावाड़ा युवा अध्यक्ष अमन डेहरिया, समसवाड़ा से अरविन्द दाहिया, चांद से युवा अध्यक्ष भानू खडसे को मनोनीत किया है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की आज आयोजित बैठक में अनिल सोमकुंवर, हरिनागवंशी, प्रकाश मेहरोलिया, इनोद कंवाले, महेश जम्मोरे सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## टेनिस बॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम वार्ड नं. 41 में क्रिकेट क्लब द्वारा जवाहर ग्राउन्ड में 10 दिवसीय टेनिस बॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ । इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों की 32 टीमों ने भाग लिया। जिसमें परतला आई.पी.एस. टीम विजेता रही एवं उपविजेता गुलाबरा इलेवन रही। इस अवसर पर आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में निगम अध्यक्ष सोनू मागो , शहर अध्यक्ष पंकज शुक्ला,पार्षद दल के नेता पंडित राम शर्मा पार्षद एवं सभापति चन्द्रभान देवरे, छोटू पाल, पप्पू यादव, आरिफ ठाकुर ,मिलिंद नवघरे, सुनील राय, बंटी सक्सेना, दुष्यंत दुबे मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 41 के पार्षद एवं सभापति चन्द्रभान देवरे का विशेष सहयोग रहा। क्रिकेट क्लब अध्यक्ष आकाश देवरे ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग के लिए सभी के आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## बड़ेला में पट पतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमरवाड़ा ।** नगर के समीपस्थ ग्राम बड़ेला में पट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अमरवाड़ा



के आसपास और दूसरे जिलों से अपनी बैल जोड़ी लेकर आए किसानों ने जमकर बैलों का पठ प्रतियोगिता में दौड़ाया, इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, नितिन तिवारी मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष निलेश कंगाली, महेश पटेल के उपस्थिति में संपन्न हुई जहां पट प्रतियोगिता में विजेता को 20000 रुपए का नगद पुरस्कार उपविजेता कोरू.15000 का नगद पुरस्कार एवं अन्य 15 उत्कृष्ट जोड़ियों को पुरस्कृत किया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्र वासी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिये डाक विभाग द्वारा 7 फरवरी तक आयोजित शिविर

### 26504किसानों ने आधार लिंक नहीं करवाया

**छिन्दवाड़ा ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी हितग्राहियों को 13वीं किश्त का लाभ आधार से लिंक बैंक खातों में प्रदाय किया जाना है। जिले के 26504 हितग्राहियों ने अपना आधार खाते से बैंक खाता लिंक नहीं कराया है, इसलिये इन हितग्राहियों को अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि प्राप्त नहीं होगी। इस संबंध में डाक विभाग को आधार सीडिंग खाते खोलने के निर्देश प्राप्त होने पर इंडिया पोस्ट बैंक के माध्यम से डाकघरों द्वारा पंचायत स्तर पर आज 2 फरवरी से शिविर प्रारंभ कर आधार सीडिंग खाते खोलने का कार्य शुरू कर दिया गया है तथा आगामी 7 फरवरी तक ये शिविर आयोजित किये जायेंगे ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी हितग्राहियों को इसका लाभ मिल सके। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती स्मृति खंडेलवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के ऐसे सभी हितग्राही जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है, वे इस सुविधा का लाभ लेने के लिए पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर के माध्यम से अथवा निकटतम डाकघर से सम्पर्क कर अपना आधार सीडेड खाता खुलवाकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में हितग्राही हल्का पटवारी अथवा पंचायत सचिव या तहसील से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# इंतजार करो शिवराज ही बनेंगे सीएमः गौरीशंकर बिसेन

## पिछड़ा वर्ग के आयोग के अध्यक्ष ने कमलनाथ पर कसा तंज



**छिन्दवाड़ा ।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन गुरुवार को छिंदवाड़ा में थे और यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद बोले 'कमलनाथ, अभी आप इंतजार करो, क्योंकि इस बार भी शिवराज सिंह चौहान ही सीएम बनेंगे. मैं तो कहूंगा कि अगली टर्म भी शिवराज सिंह ही सीएम बनेंगे. इसलिए अभी आप ज्यादा परेशान मत हो'. उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन कुछ दिन पहले बालाघाट में आरटीओ के साथ अभद्रता करते दिखाई दिए थे, जिसे लेकर कमलनाथ ने गौरीशंकर बिसेन पर आदिवासी समाज से बने आरटीओ के साथ गलत व्यवहार करने के आरोप लगाए थे।

### आरटीओ आदिवासी समाज से नहीं आते

पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि 'कमलनाथ, मुझ पर आदिवासी समाज के आरटीओ के साथ अभद्रता करने के आरोप लगा रहे थे. मुझे लगता है कि उनके सलाहकार ठीक नहीं है. क्योंकि जिस आरटीओ की वे बात कर रहे हैं, वे आदिवासी समाज से नहीं आते हैं.' बिसेन ने आरोप लगाए कि कमलनाथ ने विकास के नाम पर हमेंशा मध्यप्रदेश के साथ भेदभाव किया है. छिंदवाड़ा में कुछ सड़कें बनवाकर वे बोलते हैं कि उन्होंने अपनी 15 महीने की कांग्रेस सरकार में विकास कराया था. लेकिन सिर्फ छिंदवाड़ा क्यों. आपके विकास के नजरिए में सिर्फ छिंदवाड़ा क्यों है, मध्यप्रदेश के शेष 52 जिले क्यों नहीं है'

### किसानों का कर्जा माफ नहीं किया

पूर्व मंत्री बिसेन बोले, 'यदि आपको विकास देखना है तो मेरे साथ बालाघाट चलो और लालबर्रा रोड देखो, तब पता चलेगा कि विकास कैसा होता है. आपने बालाघाट का विकास करने के वादे किए थे, क्या वे वादे आपने पूरे किए किसानों का कर्जा आपने माफ नहीं किया. इसलिए बोल रहा हूं कि कमलनाथ जी, अभी आप सपने देखो. शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश की बागडोर संभालेंगे'

### भाई जान का परिवार सहित भाजपा में शामिल

गौरीशंकर बिसेन ने उनके साथ पीएसओ इंस्पेक्टर इरशाद मोहम्मद खान को सेवानिवृत्ति के बाद परिवार सहित भाजपा में शामिल कर लिया पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बिसेन ने कहा उन्होंने भोपाल में कहा था कि वह छिंदवाड़ा से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे,उन्होंने कमलनाथ पर आरोप लगाया कि वे पढ़े लिखे आदमी हैं ,और कोई आरोप लगाने के पहले पूरी बात समझना चाहिए आरटीओ इंस्पेक्टर आदिवासी नहीं है उनके सलाहकार ठीक नहीं है

## छिंदवाड़ा रेल्वे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन स्कीम में शामिल

### छिंदवाड़ा के अलावा सिवनी एवं बालाघाट भी शामिल

**छिंदवाड़ा ।** रेल बजट में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के 45 रेल्वे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन स्कीम में शामिल



किये गये है, जिसमें छिंदवाड़ा रेल्वे स्टेशन भी शामिल है। रेल्वे सूत्रों ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अन्तर्गत रेल्वे स्टेशन का आधुनिकी करण किया जावेगा जिसके तहत एस के लेटर, कैमरे एवं अन्य सुविधायें रेल्वे को मिलेगी। छिंदवाड़ा रेल्वे स्टेशन जंक्शन है एवं विद्युतिकरण के बाद यह पूरे देश से जुड़ जावेगा एवं अनेकों रेल यहां से चलेगी। छिंदवाड़ा के अलावा सिवनी एवं बालाघाट के स्टेशन भी उक्त स्कीम में शामिल किये गये है।

## इकलेहरा में बाउंड्री वाल का हो रहा घटिया निर्माण

**परासिया ।** के ग्राम पंचायत भाजी पानी से चरई कला की ओर जाने वाले मार्ग जो इकलेहरा रेलवे स्टेशन के समीप अंडर ब्रिज की बाउंड्री वाल का घटिया निर्माण हो रहा है ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर बाउंड्री वॉल का घटिया निर्माण किया जा रहा है रेलवे द्वारा अंडर ब्रिज की ब्रिज की बाउंड्री वाल निर्माण के लिए ठेका दिया था ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में जो रेत का उपयोग किया जा रहा है वहां कापु वाली रेत का उपयोग किया जा रहा है साथ ही पुराना उपयोग हुआ लोहा एवं कम एमएम लोहे का उपयोग किया गया मटेरियल रेशु के अनुसार नहीं डाला जा रहा है भविष्य में बाउंड्री वॉल कभी भी गिर सकती है वहां पर जब राहगीरों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यहां पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में वाहन आते जाते हैं बरसात के समय में मिट्टी का कटाव भी होता है परंतु इतना घटिया निर्माण होने से कभी भी बाउंड्री वाल गिर सकती है जो बड़ी हार जो बड़ा हादसा को अंजाम दे सकता है।

## 43 नग बैलों को जप्त कर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया

**परासिया/ उमरेठ ।** कृषि प्रधान देश में आए दिन गोवंश के साथ पशुओं के प्रति क्रूरता के अनेकों मामले पुलिस द्वारा पंजीबद्ध किए जाते हैं। प्रकरणों पर न्यायालय के द्वारा सजा भी सुनाई जाती है उसके बाद भी बेजुबानों के साथ निर्दयता का सिलसिला खत्म नहीं होना चिन्ताजनक है। ऐसी घटनाएं बार-बार होती हैं। इसी तरह का एक मामलाउमरेठ पुलिस के द्वारा पंजीबद्ध किया गया। जिसमें आरोपियों के द्वारा कृषि कार्य में उपयोग होने वाले बैलों को



गौवंश वध के लिए लेजाया जा रहा था।थाना उमरेठ के अंतर्गत कोकट ग्राम से बेलगाड़ियों के साथ अतिरिक्त चार चार बैलों को साथ में बांध कर महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना पुलिस को प्राप्त होते ही अपराधियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया ।पकड़े गए आरोपी टिकरी थाना राय सेन के सभी अपराधि थे (1) सुआबाई पति कमलेश लौहार उम्र 60 साल, (2) कलाबाई पति सुंदर लोहार उम्र 25 साल,(3) पूजा पति विनोद लौहार उम्र 22 साल,(4) ताराबाई पति पप्पू लौहार उम्र 32 साल सभी निवासी टीकरी थाना रायसेन (5) सोनम पति जितेन्द्र लौहार उम्र 25 साल निवासी टीकरी थाना रायसेन हाल ग्राम खिडकिया थाना टिमरनी जिला हरदा के कब्जे से 43 नग बैलों को जप्त कर आरोपियों के खिलाफ अप.क्रं. 34/2023 धारा 4, 6, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रति. अधि., 4(1) म.प्र.कृषक पशु परिरक्षण अधि. 11. पशुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधि. का कायम कर विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस थाना उमरेठ निरीक्षक खेलचंद्र पटले स.उ.नि.गोपाल सिंह ठाकुर प्रधान आरक्षक आलोक कुमार प्रधान आरक्षक नितेश ठाकुर आरक्षक राकेश कुमार हंड्रेड डायल पायलट चमन पवार की सक्रिय भूमिका रही।

## श्री श्री शंकरा भारती स्वामी का छिंदवाड़ा नगर आगमन

### स्वामी के नगर आगमन पर जन अभियान परिषद ने किया अभिनंदन

**छिंदवाड़ा।** कर्नाटक राज्य के शंकर सम्प्रदाय के मठो में 800 साल पूर्व कावेरी नदी



के तट पर स्थापित यडतोरे श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ के मठाधिपति राज्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन श्री श्री शंकर भारती महास्वामी का नगर आगमन छिंदवाड़ा नगर में हुआ। स्वागत कार्यक्रम में जिला प्रशाशन की ओर से जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल, तहसीलदार अजय भूषण शुक्ला, विकासखंड समन्वयक अखिलेश जैन के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री विनोद तिवारी, श्यामल राव, अरविंद राजपूत, चंद्रकांत विश्वकर्मा, डी. एस. चोरे, मनीष तिवारी, लता नागले, तृप्ति ठाकुर, दीपमाला नाथ, महेंद्र राय, विकासखंड समन्वयक भवानी कुमरे, संजीव भावरकर, दीपक गेडाम, ललिता कुसरे, स्वेता मिश्रा द्वारा पूजा लॉन में आध्यात्मिक रूप से किया गया। जगतगुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महास्वामी के महासंरक्षकत्व ओर श्री श्री शंकर भारती महास्वामी जी के सरक्षत्व में स्थापित वेदांत भारती संस्था द्वारा धार्मिक , तात्विक, सामाजिक कार्यो से सर्वदा अनुग्रह कर रहे है। श्री श्री शंकर भारती महास्वामी जी द्वारा आदि शंकराचार्य जी द्वारा रचित सौंदर्य लहरी का स्त्रोत्र विश्राम स्थल पूजा लॉन में किया गया। श्री श्री शंकर भारती महास्वामी के आगमन पर जय प्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू, हरीश बेलवंशी धीरज यदुवंशी, महेश बंदेवार, गहर सिंह मेंहदोले, नंदू निर्मलकर, नेहा चौहान, राजेश पाल आदि उपस्थित रहे।

## संतरांचल में सोलह सांसद प्रतिनिधि मनोनीत

**छिन्दवाड़ा ।** पूर्व मुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एवं जिले के सांसद नकुलनाथ की मंशानुरूप जिले के संतरांचल सौंसर व पांढुर्ना में सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किये गये हैं। नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधियों को विभागवार जिम्मेदारी सौंपी गई है ।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार संतरांचल में सोलह सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किये गये हैं। नवनियुक्त प्रतिनिधियों को विभागवार जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से भी अवगत कराया गया है। श्री ओक्टे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार सौंसर में ग्यारह सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किये गये हैं जिनमें नगर पालिका परिषद सौंसर में सांसद प्रतिनिधि की जिम्मेदारी सुखमन बेंडे, नगर पंचायत पिपलानारायणवार राजू चौधरी, नगर पंचायत मोहगांव सतीश काम्बे, शासकीय महाविद्यालय सौंसर मनीष ऊंघे, कृषि उपज मंडी सौंसर घनश्याम बुले, सहकारी समितियां सौंसर शशिकांत राय, स्वास्थ्य केन्द्र सौंसर श्याम ठाकुर, नेहरू युवा केन्द्र राजा बोड़े, जनपद पंचायत सौंसर दिग्विजय जिचकार, तहसील कार्यालय सौंसर रमेश मडके व शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा में सांसद प्रतिनिधि की जिम्मेदारी प्रमोद सरोदे को सौंपी है ।संतरांचल के पांढुर्ना में सांसद प्रतिनिधि की जिम्मेदारी सौंपते हुये शासकीय महाविद्यालय पांढुर्ना में सांसद प्रतिनिधि हरीश गायधने, नगरपालिका परिषद पांढुर्ना गीता किशोर धोटे, कृषि उपज मंडी पांढुर्ना में अनिल कालडा, जनपद पंचायत पांढुर्ना गणेश पदमाकर एवं वृहत्ताकार सोसायटी में सांसद प्रतिनिधि की जिम्मेदारी काशीराम सांबारे को सौंपी है।

## मुंबई वारियर्स 43 रन से की शानदार जीत

### मैन ऑफ दा मैच रहे आशीष राठी को नगद 11 सौ का पुरस्कार प्रदान किया गया

**छिंदवाड़ा ।** मनोहर मालवीय (फ्रीडम फाईटर) की स्मृति में



इंडियन टीम टी 20 क्रिकेट मैच के आयोजन समिति के संरक्षक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल, आयोजक संदीप मालवीय एवं समिति के सदस्यों द्वारा टी 20 क्रिकेट प्रीमियम लीग का मैच पोलाग्राउंड में हो रहा है । द्वितीय दिवस का क्रिकेट मैच मुंबई वारियर्स और मोआईल इलेवन नागपुर के मध्य खेला गया । इनके मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन पांडे, विशेष अतिथि प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष शक्ति दुबे, नीरज सिंह चौहान, सचिव गरिश लालवानी, जसवंत सिंह विर्क,अजय ,भाजपा जिला कार्यालय मंत्री अलकेश लाम्बा की उपस्थिति टी-20 क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का द्वितीय लीग मैच मुंबई वारियर्स विरूद्ध मोआईल इलेवन नागपुर के बीच खेला गया । खेल मित्र नितिन खंडेलवाल, आयोजक संदीप मालवीय ने बताया कि मुंबई वारियर्स से आशीष राठी 52 वॉल में 78, जितेश 15 बाल 30 रन, ओम राजपूत 16 बाल 24 रन कुल 20 ओवर में मुंबई वारियर्स ने 181 रन 6 विकेट खोकर बनाए । मोआईल इलेवन नागपुर द्वारा बालिंग में रूपलाल 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए, उबेन्द्र 2 ओवर में 27 रन देकर 1 विकेट लिए, भीष्मप्रताप 2 ओवर में 17 रन देकर 1 विकेट लिए । मोआईल इलेवन नागपुर के खिलाड़ी भूपेन्द्र ने 15 बाल में 28 रन बनाए, शैलेष 19 बाल में 20 रन बनाए । मुंबई वारियर्स द्वारा बालिंग में आशिष राठी ने 4 ओवर में 25 देकर 4 विकेट लिए, साहिल 4 ओवर में 16 देकर 2 विकेट झटके, वहीं जितेन्द्र, रैनिस, राजा ने 1-1 विकेट लिए । इस प्रकार मुंबई वारियर्स ने 181 रन 6 विकेट खोकर बनाए उनके विरूद्ध मोआईल इलेवन नागपुर ने 138 रन 9 विकेट खोकर बनाए । मुंबई वारियर्स 43 रन से विजयी रही । मैन ऑफ दा मैच मुंबई वारियर्स के आशीष राठी को 11 सौ रुपये नगद देकर पुरस्कृत किया गया । आज दिनांक 03 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे मोआईल इलेवन नागपुर विरूद्ध श्री दादा साई बोरवेल जी.टी.सी.ए. के मध्य खेला जाएगा जिनके मुख्य अतिथि भाजपा पार्षदगण रहेंगे ।

## प्रधानमंत्री के कातिल छूट गए मुख्यमंत्री के क्यों नहीं?

### किसान आंदोलन से जुड़े बलदेव सिंह सिरसा ने की रिहाई की मांग



**छिंदवाड़ा ।** सिक्खों ने देश की आजादी में अपनी कुर्बानी दी है लेकिन आज उनके साथ अत्याचार हो रहा है और सिक्ख बंदियों को छोड़ा नहीं जा रहा है। कई सिक्खों ने दुगुनी सजा काट ली है। फिर भी उनकी रिहाई नहीं हो रही है। उनकी रिहाई के लिए आवाज बुलंद करने वकीलों से मिल रहे हैं उन्होने कहा कि जब प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कातिलों को रिहा किया जा सकता है तो मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के कातिल को रिहा क्यों नहीं उन्होने मीडिया के माध्यम से सरकार तक आवाज पहुंचाने की अपील की। किसान आंदोलन को लेकर उन्होने कहा कि इस आंदोलन से भाईचारा पैदा हुआ है और बड़ी समस्या का हल निकला है। गैर राजनैतिक संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख किसान आंदोलन से जुड़े बलदेव सिंह सिरसा पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पत्रकार वार्ता में जुनुन फाउण्डेशन से जुड़े गगन चौधरी भी उपस्थित थे।

**देश को दलमुक्त करने बनाया जुनुन फाउण्डेशनः गगन चौधरी**

जुनुन फाउण्डेशन संस्था के गगन चौधरी ने कहा कि इस संस्था में भारत का हर नागरिक अध्यक्ष है। देश को दलमुक्त करना, संविधान की अवधारणा को जिंदा करने को लेकर जागरूकता हेतु संगठन बनाया गया है जिसकी शुरूआत छिंदवाड़ा जिले से की जा रही है। गांव गांव में पांच, पांच लोगों की टीम बनाई जा रही है अभी 30 गांव में संगठन बनाए हैं और 150 लोग जुड़ चुके हैं लोगों को जागरूक करने के लिए मिशन शुरू किया गया इतनी बड़ी विचारधारा कैसे पूरी होगी इसके लिए सबको साथ लेकर चल रहे हैं।

## रोजगार मेले का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्रीमती पटले के मार्गदर्शन में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से म.प्र.डे ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से जिले के विकासखंड तामिया केजनपद पंचायत कार्यालय परिसर में 3 फरवरी को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है।



**छिंदवाड़ा ।** भाजपा नेता व जनाधिकार सेवा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी संदीप रघुवंशी ने आज रायपुर राजभवन मे छत्तीसगढ़ की महामहिम राज्यपाल सुश्री अनुसुइया ऊईके से सौजन्य भेटकर श्रीमदभागवत कथा का प्रसाद दिया तथा चौरई विधानसभा के बिछुआ(मोया) आने का आमंत्रण दिया तथा छिंदवाडा जिले के विकास हेतु सहयोग व आशीर्वाद लिया।

## आयुष विभाग को और अधिक लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार



**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ( रजि.न.02/01/13760/10) की विगत दिवस दिनांक 30.01.2023 को भोपाल के विज्ञान भवन (एम.पी. सी. एस.टी.) में प्रदेश कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक तथा वैज्ञानिक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि मप्र राज्य कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष रामेश चन्द्र शर्मा (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) म प्र राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ के संरक्षक डॉ कैलाश पवार प्रातीय अध्यक्ष डा रामप्रताप सिंह राजपूत, प्रांतीय महासचिव छिन्दवाडा के जिला चिकित्सालय में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रवीण रघुवंशी रहे। उक्त कार्यकारिणी में लगभग प्रदेश के सभी जिलो के 150 चिकित्सक सम्मिलित हुये जिसमें छिन्दवाड़ा कार्यकारिणी से जिलाध्यक्ष डा राजा भैया सिंह ठाकुर, जिला सचिव डॉ. धर्मेन्द्र मेरावी, कोषाध्यक्ष डॉ. हरीप्रसाद सतनामी शामिल हुये। संगोष्ठी में गुड क्लिनिकल प्रेक्टिस विषय पर व्याख्यान हुआ। साथ ही आयुष विभाग को और अधिक लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार के साथ जिला स्तर पर कार्यशाला, शिविर, जागरूकता कार्यकम आयोजन करने एवं जिले की समस्त औषधालय सुचारू रूप से क्रियान्यन होते रहे,आदि विषय पर विचार प्रस्तुत किये गये।

## संस्कृति मंच द्वारा आयोजित एक शाम देश के जवानों के नाम आज

### कार्यक्रम में टीव्ही कलाकार सौम्या शर्मा देंगी देश भक्ति गीतो की

**बिछुआ ।** संस्कृति मंच बिछुआ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एक शाम देश के वीर जवानो के नाम स्टार डांस एवं म्युजिक काम्प्टीशन का आयोजन किया गया है। पूरी तरह देश भक्ति थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में कारगिल युध्द के योध्दा सेना के सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित सूबेदार योगेन्द्र सिंह यादव जहां भारतीय सेना के अदम्य साहस से श्रोताओं को




रूबरू कराएंगे तो वही अंतर्राष्टीय कवि सुदीप भोला देशभक्ति कविताओं से समां बांधेगे। इतना ही नही सारेगामापा टी व्ही शो की गायिका सौम्या शर्मा द्वारा भी देशभक्ति एवं फिल्मी गीतो से कार्यक्रम में चार चांद लगाने जा रही है। कार्यक्रम में मंच संचालन तरुण जैन छिंदवाडा द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर संस्कृति मंच द्वारा लंबे समय से भव्य तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम में जाने माने डांस ग्रुपो एवं नाट्य कलाकारो द्वारा प्रस्तुती दिये जाने के लिये अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### कलेक्टर एसपी होंगे शामिल

संस्कृति मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जहां कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले शामिल होंगी तो वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा द्वारा की जायेगी। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी प्रीतम सिंह पटेल सहित अन्य अतिथि प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

कार्यक्रम को भव्य बनाने संस्कृति मंच कर रहा निःशुल्क बैठक व्यवस्थास्थानीय दशहरा मैदान में होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर आयोजको द्वारा दर्शकों के लिए निशुल्क बैठक व्यवस्था की जा रही है जहां दर्शक पहले आयो पहले पाओ की तर्ज पर कार्यक्रम का आनंद ले सकते है। आयोजकों द्वारा दर्शको से अपील की गई है कि वह शाम 6 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम मे समय पूर्व पहुंचकर अपना स्थान सुरक्षित कर असुविधा से बच सकते है।

### शहीद परिवार एवं प्रतिभाओं का होगा सम्मान

संस्कृत मंच द्वारा कार्यक्रम के दौरान जिले के हाल ही में शहीद हुए सेना के जवान शहीद भरत यदुवंशी के परिवार को जहां सम्मानित किया जायेगा तो वही विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी संस्कृति मंच सम्मानित करेगा।

आज़ादी का अमृत महोत्सव



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान

## भोपाल, सागर, उज्जैन संभाग के 24 लाख 94 हजार से अधिक स्वीकृति पत्रों का वितरण

# मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना

## प्रदेश के 73 लाख किसानों को 1 हजार 465 करोड़ रुपए की सहायता का वितरण

मुख्य अतिथि

**शिवराज सिंह चौहान**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**3 फरवरी 2023, अपराह्न 12.30 बजे**
**कृषि उपज मंडी, विदिशा**

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP